Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)



## मार्च
## भाग-1

## 2025

Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009

Inquiry: +91-87501-87501

Email: care@groupdrishti.in

# प्रश्न

**1. अक्सर समाचारों में उल्लिखित अति-संरक्षित तत्त्व (UCE) क्या हैं?**

A. एक जीन, जो पौधों को कीट-प्रतिरोधी बनाता है।

B. रोगियों में रोगाणुओं का सटीक पता लगाने में प्रयुक्त बायोसेंसर।

C. डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड का एक अनुक्रम जो मनुष्यों, चूहों, मुर्गियों और यहाँ तक कि मछलियों में भी पाया जाता है।

D. आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों में संश्लेषित एक शाकनाशी पदार्थ।

**2. पंचायती राज संस्थाओं (PRI) के शासन के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. स्थानीय शासन पूर्णत: संघ का विषय है तथा पंचायती राज संस्थाएँ केंद्रीय विधि के तहत कार्य करती हैं।
2. 73वें संविधान संशोधन अधिनियम (1992) द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत प्रणाली की स्थापना की गई जिसमे महिलाओं के लिये 1/3 आरक्षण अनिवार्य किया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**3. रमन प्रभाव के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सी.वी. रमन को 1930 में रमन प्रभाव की खोज के लिये भौतिकी का नोबेल पुरस्कार मिला।
2. रमन प्रभाव आणविक कंपनों के कारण प्रकाश के प्रकीर्णन की व्याख्या करता है, जिसके परिणामस्वरूप तरंगदैर्ध्य में बदलाव होता है।
3. रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी का उपयोग रासायनिक विश्लेषण और पदार्थ पहचान के लिये किया जाता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2, और 3

**4. निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये:**

1. दक्षिण अफ्रीका, लेसोथो, बोत्सवाना और मोजाम्बिक में पाया जाता है
2. केवल सड़े हुए मांस पर निर्भर रहता है
3. गहरे रंग के उड़ान और पूंछ के पंखों के साथ मलाईदार-पीले पंख होते हैं

**निम्नलिखित में से कौन सी गिद्ध प्रजाति उपरोक्त विशेषताओं द्वारा सबसे अच्छी तरह वर्णित है?**

A. केप गिद्ध

B. सफ़ेद पीठ वाला गिद्ध

C. लैपेट-फेस्ड वल्चर

D. मिस्री गिद्ध

**5. MGF-कवच, जो हाल ही में समाचारों में रहा है, निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

A. यह भारतीय सशस्त्र बलों के लिये स्वदेशी रूप से निर्मित बुलेटप्रूफ जैकेट है।

B. यह भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा हाल ही में लॉन्च किया गया डिजिटल भुगतान सुरक्षा ढाँचा है।

C. यह भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा विकसित एक उन्नत मौसम पूर्वानुमान मॉडल है।

D. यह एक वैकल्पिक निवेश कोष है जो भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के द्वारा पंजीकृत है।

**6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सौरमंडल का दूसरा सबसे छोटा ग्रह है।
2. यह सूर्य से चौथा ग्रह है।
3. इसका आकार पृथ्वी के आकार का लगभग आधा है और इसमें ओलंपस मोन्स (सबसे बड़ा ज्वालामुखी) स्थित है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉडयूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

निम्नलिखित में से कौन-सा ग्रह उपर्युक्त विवरण से सर्वाधिक सुमेलित होता है?

A. मंगल ग्रह
B. शुक्र
C. बुध
D. बृहस्पति

**7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह यूनाइटेड किंगडम की दूसरी सबसे लंबी नदी है।
2. लंदन इसके तट पर स्थित है।
3. यह उत्तरी सागर में गिरती है।

**निम्नलिखित में से कौन सी नदी उपर्युक्त विवरण से सबसे बेहतर रूप से संबंधित है?**

A. सेवर्न नदी
B. टेम्स नदी
C. ट्रेंट नदी
D. मर्सी नदी

**8. मैत्री प्लेटफॉर्म के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक डिजिटल व्यापार दस्तावेज़ीकरण प्रणाली है जिससे प्रसंस्करण समय में कमी आने के साथ दक्षता को बढ़ावा मिलता है।
2. यह भारत एवं संयुक्त अरब अमीरात के बीच एक आभासी व्यापार गलियारा (VTC) को सक्षम बनाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**9. हाल ही में समाचारों में रहा झुमोर नृत्य निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

A. भील जनजाति
B. मैतेई जनजाति
C. असम की चाय जनजातियाँ
D. बिष्णुप्रिया मणिपुरी समुदाय

**10. क्षय रोग (TB) से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. TB से बचाव के लिये शिशुओं को बैसिल कैलमेट-ग्यूरिन टीका दिया जाता है।
2. बहुऔषधि प्रतिरोधी TB आइसोनियाज़िड और रिफाम्पिसिन के प्रति प्रतिरोधी है।
3. HIV रोगी TB के प्रति अत्यधिक संवेदनशील होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह मेनिस्पर्मेसी कुल से संबंधित एक आरोही झाड़ी है।
2. यह मूलत: भारत में पाया जाता है, लेकिन चीन, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में भी पाया जाता है।
3. इसका प्रयोग पारंपरिक रूप से बुखार, मधुमेह, संक्रमण, गठिया, पीलिया, अस्थमा, अतिसार और त्वचा रोगों के उपचार के लिये किया जाता है।

**निम्नलिखित में से कौन-सा एक उपर्युक्त विवरण से सर्वोत्तम रूप से सुमेलित होता है?**

A. Tinospora cordifolia (गिलोय)
B. Ficus benghalensis (बरगद का पेड़)
C. Moringa oleifera (ड्रमस्टिक ट्री)
D. Solanum nigrum (ब्लैक नाइटशेड)

**12. मोरारजी देसाई के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1963 में कामराज योजना के तहत केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने से पहले उन्होंने भारत के वित्त मंत्री के रूप में कार्य किया।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

2. वर्ष 1966 में उन्हें प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत ने भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) के नेतृत्व में तांबा और कोबाल्ट अन्वेषण के लिये ज़ाम्बिया में भूमि का अधिग्रहण किया है।
2. ज़ाम्बिया विश्व का सबसे बड़ा तांबा उत्पादक देश है।
3. भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) दक्षिण अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में लिथियम भंडार की खोज में भारत का नेतृत्व कर रहा है।

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2, और 3

**14. राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत गठित एक सांविधिक निकाय है।
2. प्रधानमंत्री इसके पदेन अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं।
3. यह सुनिश्चित करता है कि किसी भी बाघ रिज़र्व को उसकी स्वीकृति के बिना अस्थाई उपयोग के लिये नहीं दिया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**15. भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची की निम्नलिखित भाषाओं पर विचार कीजिये:**

1. कोंकणी
2. मणिपुरी
3. नेपाली

**उपर्युक्त में से कितनी भाषाओं को 71वें संशोधन अधिनियम, 1992 द्वारा शामिल किया गया?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**16. रीजनल 3R और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 12वें रीजनल 3R और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम की मेजबानी चीन द्वारा वर्ष 2025 में की जाएगी।
2. यह मंच एशिया-प्रशांत क्षेत्र में 3R (रिड्यूस, रीयूज़, रीसाइकिल) सिद्धांतों एवं सर्कुलर अर्थव्यवस्था प्रथाओं को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।
3. संसाधन दक्षता को बढ़ावा देने के क्रम में इस फोरम को पहली बार वर्ष 2009 में शुरू किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2, और 3

**17. ब्लू बॉक्स सब्सिडी से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. किसानों को प्रदान की जाने वाली कोई भी सहायता, जो सामान्यत: एम्बर बॉक्स में होती है, उसे ब्लू बॉक्स में शामिल किया जाता है, यदि इसके लिये किसानों को उत्पादन सीमित करना पड़ता है।
2. ब्लू बॉक्स सब्सिडी पर कोई व्यय सीमा नहीं है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**18. हाल ही में समाचारों में रही वालेस रेखा निम्नलिखित में से किससे संबंधित है ?**

A. यह एशिया और ऑस्ट्रेलिया के विशिष्ट जीव-जंतुओं वाले क्षेत्रों को अलग करने वाली एक काल्पनिक सीमा है।

B. यह अटलांटिक और प्रशांत महासागरों को विभाजित करने वाली एक देशांतर रेखा है।

C. यह यूरोप और एशिया के बीच एक भू-राजनीतिक सीमा है।

D. यह हिंद महासागर में एक विवर्तनिक भ्रंश रेखा है।

**19. ब्लू घोस्ट मिशन 1, जो प्रायः समाचारों में आता है, का सबसे अच्छा वर्णन इस प्रकार किया जा सकता है:**

A. एक अमेरिकी निजी कंपनी का चंद्रमा मिशन।

B. जल के नीचे के ज्वालामुखियों का अध्ययन करने के लिये एक गहरे समुद्र में अन्वेषण मिशन।

C. पूर्वी यूरोप में एक गुप्त सैन्य अभियान।

D. एक संरक्षण परियोजना जिसका उद्देश्य लुप्तप्राय समुद्री प्रजातियों की रक्षा करना है।

**20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 41 बेरोज़गारी, दिव्यांगजन, बीमारी और दिव्यांगजनों के मामलों में सार्वजनिक सहायता का समर्थन करता है।
2. दिव्यांगजन अधिकार (RPwD) अधिनियम, 2016 द्वारा बहु-निःशक्तताओं वाले व्यक्तियों के कल्याण के लिये एक राष्ट्रीय निकाय की स्थापना की गई।
3. सुचिता श्रीवास्तव बनाम चंडीगढ़ प्रशासन, 2009 में सर्वोच्च न्यायालय ने मानसिक रूप से विकार महिला के प्रजनन अधिकारों को बरकरार रखा।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**21. प्रमुख पुरातात्विक स्थल धौलावीरा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सिंधु घाटी सभ्यता का पाँचवाँ सबसे बड़ा स्थल है और दो मौसमी नदियों, मानसर और मनहर के बीच स्थित है।
2. इसे वर्ष 2021 में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**22. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत के पास विश्व स्तर पर दूसरी सबसे बड़ी वस्त्र विनिर्माण क्षमता है।
2. भारत विश्व में जूट का सबसे बड़ा उत्पादक और मानव निर्मित फाइबर (MMF) का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।
3. भारत में विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिये सरकारी मार्ग के तहत कपड़ा क्षेत्र में 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की अनुमति है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**23. स्टारलिंक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह स्पेसएक्स द्वारा संचालित है जिसमें निम्न पृथ्वी कक्षा (LEO) में स्थित लगभग 7,000 उपग्रहों का नेटवर्क शामिल है तथा इसमें विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में कनेक्टिविटी हेतु एक "मेगा-तारामंडल" का निर्माण शामिल है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

2. भारत ने स्टारलिंक को वाणिज्यिक परिचालन की मंजूरी दी है, जिससे उसे घरेलू दूरसंचार प्रदाताओं के साथ प्रतिस्पर्द्धा करने का अवसर मिलेगा।
3. स्टारलिंक उपग्रहों में हॉल थ्रस्टर्स लगे होते हैं, जिनमें आवेग उत्पन्न करने हेतु विद्युत और क्रिप्टन गैस का उपयोग होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**24. पेरिस समझौते से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन का शमन करना तथा तापमान को पूर्व-औद्योगिक स्तर से 2°C से नीचे रखना है।
2. इसने मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल का स्थान लिया।
3. समझौते के तहत, प्रत्येक देश को हर 3 साल में अपने NDC प्रस्तुत करने और उन्हें अद्यतन करने की आवश्यकता होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**25. हाल ही में खबरों में रहे कोलोसल A23a का सबसे बेहतर वर्णन किस रूप में किया गया है?**

A. दक्षिणी महासागर में खोजी गई एक नई गहन समुद्री खाड़ी
B. प्रशांत महासागर का एक नवनिर्मित ज्वालामुखी द्वीप
C. दक्षिण जॉर्जिया द्वीप के पास बहता हुआ एक हिमखंड
D. आर्कटिक में टूटती हुई विशाल बर्फ की चट्टान

**26. प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. PMMVY स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. इस योजना के तहत प्रथम संतान के लिये 5,000 रुपए तथा दूसरी संतान के लिये 6,000 रुपए की सहायता प्रदान की जाती है, बशर्ते वह लड़की हो।
3. यह योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA), 2013 का अनुपालन नहीं करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2, और 3

**27. भारत में निवारक निरोध के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 22 के तहत किसी भी व्यक्ति को किसी भी परिस्थिति में तीन माह से अधिक हिरासत में नहीं रखा जा सकता।
2. राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA), 1980 निवारक निरोध को अधिकृत करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**28. "काराकोरम विसंगति" शब्द निम्नलिखित में से किस घटना को संदर्भित करता है?**

A. वैश्विक तापमान वृद्धि के बावजूद काराकोरम क्षेत्र में ग्लेशियरों की असामान्य स्थिरता या वृद्धि को।
B. टेक्टोनिक गतिविधि के कारण काराकोरम ग्लेशियरों में गहरी दरारों के बन जाने को।
C. बढ़ते तापमान के कारण काराकोरम में ग्लेशियरों के तेज़ी से पिघलने को।
D. काराकोरम में लगातार होने वाली ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड (GLOFs) घटना को।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**29. कभी-कभी समाचारों में रहने वाली फिज़कल मॉनिटर एंड एक्सटर्नल सेक्टर रिपोर्ट, निम्नलिखित में से किस संगठन से संबंधित है?**

A. विश्व बैंक
B. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
C. आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन
D. व्यापार एवं विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन

**30. प्लेनेटरी परेड, एक दुर्लभ खगोलीय घटना जहाँ सात ग्रह सूर्य के एक तरफ पंक्तिबद्ध होते हैं, किसके कारण होती है?**

A. ग्रह सूर्य की परिक्रमा एक समतल, डिस्करूपी पथ पर करते हैं जिसे क्रांतिवृत्त तल कहते हैं।
B. ग्रहों के बीच गुरुत्वाकर्षण बल समय-समय पर उन्हें संरेखित करते रहते हैं।
C. सूर्य के चुंबकीय क्षेत्र के कारण ग्रह अस्थायी रूप से अपनी कक्षाएँ बदल लेते हैं।
D. यह संरेखण अंतरिक्ष में क्षुद्रग्रहों की अनियमित गति का परिणाम है।

**31. क्रिप्टोकरेंसी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. क्रिप्टोकरेंसी एक विकेंद्रीकृत डिजिटल या आभासी मुद्रा है जिसमें सुरक्षा के लिए क्रिप्टोग्राफी का उपयोग किया जाता है।
2. क्रिप्टोकरेंसी लेन-देन में संलग्न होने के लिए, व्यक्तियों या व्यवसायों को अपनी कुंजियाँ को सुरक्षित रूप से संग्रहीत करने के क्रम में एक डिजिटल वॉलेट प्राप्त करना होता है।
3. भारत में इसका विनियमन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**32. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बाह्य अंतरिक्ष संधि (1967) राज्यों को निजी सहित सभी राष्ट्रीय अंतरिक्ष गतिविधियों के लिये ज़िम्मेदार बनाती है।
2. अंतरिक्ष पिंडों से होने वाली क्षति हेतु अंतर्राष्ट्रीय दायित्व अभिसमय (1972) के अंतर्गत पृथ्वी पर अंतरिक्ष पिंडों से होने वाली क्षति के लिये पूर्ण दायित्व क्रियान्वित किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**33. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 14 यह सुनिश्चित करता है कि सभी व्यक्ति, चाहे वे नागरिक हों या विदेशी, भारत में विधि के समक्ष समता और विधियों के समान संरक्षण के हकदार हैं।
2. अनुच्छेद 14 वर्ग विधान पर रोक लगाता है, लेकिन बोधगम्य भिन्नता के आधार पर उचित वर्गीकरण की अनुमति देता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**34. केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (CPSE) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CPSE वे कंपनियां हैं जिनमें केन्द्र सरकार या अन्य CPSE की कम से कम 51% हिस्सेदारी होती है।
2. सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) विभिन्न मंत्रालयों के अंतर्गत CPSE के प्रदर्शन, वित्त और नीतियों की देखरेख करता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**35. जन औषधि दिवस और प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (PMBJP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जन औषधि दिवस पहली बार वर्ष 2015 में मनाया गया था जब जन औषधि योजना को प्रधानमंत्री जन औषधि योजना के रूप में नया रूप दिया गया था।
2. PMBJP का लक्ष्य प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्रों (PMBJK) के माध्यम से सस्ती जेनेरिक दवाएँ उपलब्ध कराना है, जो स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत संचालित होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**36. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये बड़े जलीय पक्षी हैं जिन्हें मछली पकड़ने के लिये इस्तेमाल किये जाने वाले अपने अंगों जैसे लंबी चोंच एवं लार्ज थ्रोट पाउच के लिये जाना जाता है।
2. यह पक्षी मांसाहारी होते हैं जो मुख्य रूप से मछली खाते हैं लेकिन उभयचर, क्रस्टेशियन, कीट, पक्षी एवं छोटे स्तनधारी भी खाते हैं।
3. ये अंटार्कटिका को छोड़कर सभी महाद्वीपों पर मिलते हैं तथा झीलों एवं नदियों जैसे गर्म तटीय और अंतर्देशीय जल को पसंद करते हैं।

**निम्नलिखित में से कौन सा पक्षी उपर्युक्त विवरण से सबसे बेहतर रूप से संबंधित है?**

A. पेलिकन (Pelecanus)
B. कोरमोरेंट (Phalacrocorax)
C. अल्बाट्रॉस (Diomedeidae)
D. हेरॉन (Ardeidae)

**37. लॉस एंड डैमेज फंड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह विकसित देशों के योगदान के साथ बढ़ते समुद्र स्तर, उष्ण लहरों और चरम मौसम जैसी जलवायु-जनित क्षतियों का सामना कर रहे विकासशील और छोटे द्वीपीय देशों का समर्थन करने पर केंद्रित है।
2. इसका प्रबंधन एक शासी बोर्ड द्वारा किया जाता है, जिसका अंतरिम ट्रस्टी विश्व बैंक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**38. बीजिंग डिक्लेरेशन एंड प्लेटफॉर्म फॉर एक्शन (BPfA), 1995 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे न्यूयॉर्क, अमेरिका में आयोजित महिलाओं पर चौथे विश्व सम्मेलन में अपनाया गया था।
2. बीजिंग+30 कार्य एजेंडा का उद्देश्य 30 वर्षों के बाद BPfA के कार्यान्वयन की समीक्षा और मूल्यांकन करना है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**39. निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये:**

1. यह ऊपरी विंध्य पहाड़ियों का हिस्सा है।
2. नीलगाय, चिंकारा, चौसिंगा इस क्षेत्र में पाए जाने वाले प्रमुख जानवर हैं।
3. हाल ही में इसे भारत का 58वाँ बाघ अभयारण्य घोषित किया गया है।

**उपर्युक्त विशेषताओं से निम्नलिखित में से कौन सा संरक्षित क्षेत्र सबसे अच्छा वर्णित है?**

A. माधव राष्ट्रीय उद्यान
B. कुनो राष्ट्रीय उद्यान

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

C. रानीपुर वन्यजीव अभयारण्य
D. रातापानी वन्यजीव अभयारण्य

**40. कभी-कभी खबरों में रहने वाली दिनेश गोस्वामी समिति और इंद्रजीत गुप्ता समिति निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

A. पंचायती राज शासन
B. न्यायिक नियुक्तियाँ
C. पर्यावरण संरक्षण
D. चुनाव सुधार

**41. भारत के ऊर्जा क्षेत्र के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता है।
2. भारत का लक्ष्य वर्ष 2030 तक अपने तेल एवं गैस अन्वेषण क्षेत्र को दोगुना करना है।
3. इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (EBP) कार्यक्रम ने भारत में $CO_2$ उत्सर्जन को 500 लाख मीट्रिक टन से अधिक कम कर दिया है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2, और 3

**42. अभ्यास खंजर-XII निम्नलिखित में से किन देशों के बीच आयोजित किया जाता है?**

A. भारत-किर्गिज़स्तान
B. भारत-बांग्लादेश
C. भारत-जापान
D. भारत-कजाकिस्तान

**43. खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह खादी और ग्रामोद्योग आयोग अधिनियम, 1956 के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय है, और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSME) के अधीन कार्य करता है।
2. शहद मिशन (2017) KVIC की एक पहल है जो मधुमक्खी पालन और शहद उत्पादन (मधुमक्खी पालन) को बढ़ावा देती है और अतिरिक्त आय के लिये मधुमक्खी पालन को कृषि के साथ एकीकृत करती है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**44. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (DAP) 2020 के अंतर्गत रक्षा विनिर्माण में निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिये मेक-I और मेक-II परियोजनाओं को बढ़ावा दिया जाता है।
2. रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिये उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में दो रक्षा औद्योगिक गलियारे (DIC) स्थापित किये गए।
3. रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र इकाइयों (DPSU) द्वारा संचालित प्रमुख स्वदेशीकरण परियोजनाओं में INS विक्रांत और LCA तेजस शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**45. परमाणु अप्रसार संधि (NPT) के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही है?**

A. NPT के तहत सभी देशों को एक निश्चित समय-सीमा के अंदर अपने परमाणु हथियारों को नष्ट करना अनिवार्य किया गया है।
B. इसमें परमाणु हथियार संपन्न देशों (NWS) को उन राज्यों के रूप में परिभाषित किया गया है जिनके पास 1 जनवरी, 1967 से पहले परमाणु हथियार थे।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

C. भारत एनपीटी पर हस्ताक्षरकर्त्ता है।
D. NPT को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) द्वारा लागू किया जाता है।

**46. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक रंगहीन तरल है, जिसका कमरे के तापमान पर स्वाद कड़वा होता है। यह अत्यधिक अस्थिर होता है तथा ऑक्सीजन एवं जल में विघटित होने पर इससे ऊष्मा उत्सर्जित होती है।
2. इसका उपयोग घावों के लिये एंटीसेप्टिक तथा अस्पतालों एवं क्लीनिकों में कीटाणुनाशक के रूप में किया जाता है।
3. यह एक प्रबल ऑक्सीकारक है तथा ज्वलनशील पदार्थों में स्वत: प्रज्वलन उत्पन्न कर सकता है।

**निम्नलिखित में से कौन सा यौगिक उपर्युक्त विवरण से सबसे बेहतर रूप से संबंधित है?**

A. हाइड्रोजन पेरोक्साइड
B. सोडियम हाइपोक्लोराइट
C. पोटेशियम परमैंगनेट
D. क्लोरीन डाइऑक्साइड

**47. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| अवधि | औज़ार और प्रौद्योगिकी | प्रमुख स्थल |
|---|---|---|
| निम्न पुरापाषाण काल (600,000 – 150,000 ईसा पूर्व) | हाथ की कुल्हाड़ियाँ, क्लीवर | बोरी (महाराष्ट्र), सोन और सोहन घाटियाँ (पंजाब) |
| मध्यपाषाण काल (9000 – 4000 ईसा पूर्व) | माइक्रोलिथ्स | बागोर (राजस्थान), आदमगढ़ (मध्य प्रदेश), कृष्णा नदी के दक्षिण में |
| नवपाषाण काल (7000 – 5500 ईसा पूर्व) | आयताकार कुल्हाड़ियाँ, पॉलिश पत्थर की कुल्हाड़ियाँ | मेहरगढ़ (बलूचिस्तान), सेनुवार (बिहार) |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**48. पशु औषधि केंद्रों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये केंद्र केवल पारंपरिक भारतीय ज्ञान पर आधारित नृजातीय पशु चिकित्सा दवाएँ ही उपलब्ध कराते हैं।
2. पशु औषधि केंद्र राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत शुरू किये गए हैं, जो देशी मवेशियों की नस्लों के संरक्षण पर केंद्रित है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**49. भारत के फार्मास्युटिकल उद्योग के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मात्रा की दृष्टि से भारत, विश्व में औषधि उत्पादन में तीसरे स्थान पर है।
2. भारत विश्व भर में जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्त्ता है, जो वैश्विक मांग का 20% पूरा करता है।
3. आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची (NLEM) के तहत भारत में कुछ जीवनरक्षक दवाओं की कीमत को नियंत्रित किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2, और 3

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**50. राष्ट्रीय लेखा प्रणाली (SNA) 2008 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सरकारी और निजी क्षेत्र के विश्लेषकों और नीति-निर्माताओं की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये व्यापक आर्थिक खातों का एक सेट है।
2. इसे भारत और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) द्वारा संयुक्त रूप से तैयार किया गया था।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**51. डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड (DNA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. डीएनए प्रतिकृति (DNA) प्रोकैरियोटिक कोशिकाओं के नाभिक में होती है।
2. माइटोकॉन्ड्रिया में अपना स्वयं का डीएनए होता है, जो मातृ पक्ष से विरासत में मिलता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**52. उत्तरी सागर की भौगोलिक स्थिति के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह डोवर जलडमरूमध्य और इंग्लिश चैनल द्वारा अटलांटिक महासागर से तथा स्केगराक और कैटेगाट द्वारा बाल्टिक सागर से जुड़ा हुआ है।
2. इसकी सीमा यूनाइटेड किंगडम, नॉर्वे, डेनमार्क, जर्मनी, नीदरलैंड, बेल्जियम और फ्राँस से लगती है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**53. निम्नलिखित में से कौन सा देश कज़ाकिस्तान, चीन, ताजिकिस्तान और उज़्बेकिस्तान के साथ सीमा साझा करता है:**

A. ईरान
B. किर्गिज़स्तान
C. अफगानिस्तान
D. तुर्कमेनिस्तान

**54. भारतीय नागरिकता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान संयुक्त राज्य अमेरिका के समान एकल नागरिकता का प्रावधान करता है।
2. ओवरसीज सिटीज़न ऑफ इंडिया (OCI) कार्डधारकों को भारतीय नागरिकों के समान ही राजनीतिक अधिकार प्राप्त हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**55. संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (MPLADS) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक सांसद को प्रति वर्ष 5 करोड़ रुपए आवंटित किये जाते हैं।
2. यदि किसी वर्ष में निधि का उपयोग नहीं किया जाता है तो वह व्यपगत नहीं होती है तथा उन्हें अग्रेनीत किया जाता है।
3. सांसदों को अपने कोष का न्यूनतम 15% और 7.5% क्रमशः अनुसूचित जातियों (SC) और अनुसूचित जनजातियों (ST) के लिये परिसंपत्तियाँ निर्मित किये जाने हेतु आवंटित करना होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

56. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस देश ने भारत के प्रधानमंत्री को सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार, ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन दिया।'
2. हाल ही में भारत ने इस देश के साथ अपने संबंधों को सुदृढ़ कर इसे उन्नत रणनीतिक साझेदारी तक विस्तारित किया है।
3. भारत ने इस देश को उसकी जल पाइपलाइनों को बदलने में सहायता देने के लिये अपनी पहली रुपया-आधारित ऋण सुविधा की घोषणा की।
4. महात्मा गांधी ने भी वर्ष 1901 में इस देश का दौरा किया था और भारतीय समुदाय के लिये शिक्षा तथा राजनीतिक सशक्तीकरण की मांग की थी।

**निम्नलिखित में से कौन-सा देश उपर्युक्त विवरण से सर्वाधिक सुमेलित होता है?**

A. मॉरीशस
B. मालदीव
C. श्रीलंका
D. सेशल्स

57. **बायोमास को विद्युत शक्ति में परिवर्तित करने के लिये उपयोग की जाने वाली विधियों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. बायोमास से विद्युत उत्पन्न करने की सामान्य विधि प्रत्यक्ष दहन है।
2. पायरोलिसिस में ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में बायोमास को तेजी से गर्म करके बायोऑइल प्राप्त किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

58. **निम्नलिखित में से किस संगठन ने वर्ष 2024 में विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट प्रकाशित की?**

A. वायु गुणवत्ता एवं मौसम पूर्वानुमान एवं अनुसंधान प्रणाली (SAFAR)
B. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)
C. IQAir
D. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB)

59. **ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री (APAAR) आईडी के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत पेश किया गया था, जिसमें छात्र रिकॉर्ड को डिजीलॉकर और अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट से जोड़ा गया था।
2. APAAR आईडी से संबंधित चिंताओं में नाबालिगों के लिये डेटा गोपनीयता जोखिम, आधार पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का संभावित उल्लंघन शामिल है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

60. **माइसेलियम ईंटों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वे कवक के बीजाणुओं, भूसी और चूरा से बने होते हैं, जो एक हल्के रेशेदार ढाँचे का निर्माण करते हैं।
2. उत्पादन के दौरान माइसेलियम ईंटें पारंपरिक पक्की मिट्टी की ईंटों की तुलना में काफी अधिक $CO_2$ उत्सर्जित करती हैं।
3. वे बायोडिग्रेडेबल, अग्निरोधी हैं, तथा अच्छे ताप अवरोधक हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2, और 3

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

## Answers

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (C) | 2. (B) | 3. (D) | 4. (S) | 5. (F) | 6. (S) | 7. (B) | 8. (C) | 9. (C) | 10. (C) |
| 11. (A) | 12. (C) | 13. (A) | 14. (B) | 15. (C) | 16. (B) | 17. (C) | 18. (A) | 19. (A) | 20. (B) |
| 21. (C) | 22. (B) | 23. (B) | 24. (A) | 25. (C) | 26. (C) | 27. (B) | 28. (A) | 29. (B) | 30. (A) |
| 31. (B) | 32. (C) | 33. (D) | 34. (C) | 35. (D) | 36. (A) | 37. (C) | 38. (B) | 39. (A) | 40. (D) |
| 41. (D) | 42. (A) | 43. (C) | 44. (D) | 45. (B) | 46. (A) | 47. (C) | 48. (D) | 49. (D) | 50. (A) |
| 51. (B) | 52. (C) | 53. (B) | 54. (D) | 55. (C) | 56. (A) | 57. (C) | 58. (C) | 59. (D) | 60. (C) |

दृष्टि The Vision

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

# व्याख्या

1.

उत्तर: C

व्याख्या:

- **अति-संरक्षित तत्त्व:** UCE लगभग 200 आधार-युग्मों के **डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड (DNA)** अनुक्रम हैं, जो **80 मिलियन वर्ष या उससे अधिक समय** से कई प्रजातियों में पूर्ण रूप से अपरिवर्तित रहे हैं।
  - ये अनुक्रम मनुष्यों, चूहों, मुर्गियों और मछलियों में भी पाए जाते हैं, जो उनके **क्रांतिक जैविक महत्त्व** को दर्शाते हैं।
    - **मानव जीनोम** (कोशिका में पाए जाने वाले DNA निर्देशों का संपूर्ण समुच्चय) में लगभग **500 UCE** होते हैं।
- **UCE के अभिलक्षण:** UCE विविध प्रजातियों में लगभग **समान DNA अनुक्रम** प्रदर्शित करते हैं, यहाँ तक कि उनमें भी जो वैकासिक दृष्टि से अत्यंत भिन्न हैं।
- **UCE के कार्य:** वे आमतौर पर **प्रोटीन के लिये कोड** नहीं करते हैं, लेकिन जीन विनियमन में शामिल होते हैं।
- **अत: विकल्प C सही है।**

2.

उत्तर: B

व्याख्या:

- स्थानीय शासन **राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र** में आता है तथा पंचायती राज संस्थाएँ संबंधित राज्य पंचायती राज अधिनियमों के अनुसार कार्य करती हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - पंचायतों (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम, 1996, **अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभाओं को प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन और जनजातीय संस्कृति एवं आजीविका की रक्षा** के लिये विशेष शक्तियाँ प्रदान करता है।
- 73वें संविधान संशोधन अधिनियम (1992) द्वारा **त्रिस्तरीय पंचायत प्रणाली** की स्थापना की गई जिसमे **महिलाओं के लिये 1/3 आरक्षण** अनिवार्य किया गया, जिसे बाद में 21 राज्यों और 2 केंद्रशासित प्रदेशों में बढ़ाकर 50% कर दिया गया। **अत: कथन 2 सही है।**

3.

उत्तर: D

व्याख्या:

- **सी.वी. रमन** ने रमन प्रभाव के लिये **वर्ष 1930 में भौतिकी का नोबेल पुरस्कार** जीता, जिससे वे **विज्ञान में नोबेल पुरस्कार पाने वाले पहले एशियाई** बन गए। **अत: कथन 1 सही है।**
  - उन्हें **वर्ष 1954** में **भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न** से भी सम्मानित किया गया।
- **रमन प्रभाव:** यह उस घटना को संदर्भित करता है जहाँ **आने वाला आपतित प्रकाश** एक नमूने के साथ संपर्क में आता है, **तरंग दैर्ध्य में परिवर्तन** से गुज़रता है, और आणविक कंपन के साथ अन्त:क्रिया के कारण **प्रकीर्ण प्रकाश** उत्पन्न करता है। इस घटना को **रमन स्कैटरिंग** के रूप में जाना जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - **रमन प्रभाव के अनुप्रयोग:** यह **रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी** (आणविक कंपन का विश्लेषण) का आधार बनता है, जिसका व्यापक रूप से पदार्थ के गुणों के अध्ययन के लिये उपयोग किया जाता है।
    - 1960 के दशक में **लेज़रों** के आगमन के बाद इसके अनुप्रयोगों का विस्तार हुआ, जिससे पदार्थों को खंडित किये बिना उनकी पहचान कर **रासायनिक विश्लेषण** में सहायता मिली। **अत: कथन 3 सही है।**
    - यह फोरेंसिक विज्ञान को सीलबंद साक्ष्य बैगों में दवाओं का पता लगाने में भी मदद करता है और **फाइबर-ऑप्टिक** जाँच का उपयोग कर सुरक्षित **परमाणु अपशिष्ट विश्लेषण** को सक्षम बनाता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

4.

उत्तर: A

व्याख्या:

- यह केवल **दक्षिणी अफ्रीका** में स्थानिक है तथा **दक्षिण अफ्रीका, लेसोथो, बोत्सवाना और मोज़ाम्बिक** में प्रमुख रूप से पाया जाता है।
    - यह **क्रीमी-बफ रंग** का होता है, जिसमें विपरीत **गहरे रंग के पंख और पूँछ और शहद के रंग की आंखें, नीला गला** तथा **चोंच काली** होती है।
- यह **एकसंगमनी (Monogamous)** है, अर्थात प्रति मौसम में एक चूजे का पालन-पोषण करता है, समूह में रहता है, तथा केवल सड़ा हुआ मांस (Carrion) का सेवन करता है।
    - इसे **IUCN की रेड लिस्ट में सुभेद्य श्रेणी** में सूचीबद्ध किया गया है।
- **केवल तीन प्रजातियाँ ही अफ्रीका में विशिष्ट रूप से पाई जाती हैं,** अर्थात् व्हाइट हेडेड गिद्ध, हूडेड गिद्ध, और केप गिद्ध।
- **अत: विकल्प A सही है।**

5.

उत्तर: D

व्याख्या:

- **MGF-कवच, भारत का पहला उद्यम पूंजी कोष** जो महत्त्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के स्वदेशीकरण में संलग्न स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन देने के लिये समर्पित है, ने सफलतापूर्वक अपना पहला लक्ष्य प्राप्त कर लिया है, तथा 250 करोड़ रुपए का अपना प्रारंभिक लक्ष्य पार कर लिया है।
- **भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) के साथ वैकल्पिक निवेश कोष (AIF)** के रूप में पंजीकृत होने के कारण, इसने शीघ्र ही निवेशकों का दृढ़ विश्वास प्राप्त कर लिया है।
    - इसकी सफलता रणनीतिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में नवाचार और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने की इसकी क्षमता को दर्शाती है।
- **अत: विकल्प D सही है।**

6.

उत्तर: A

व्याख्या:

**मंगल:**

- मंगल **सूर्य से दूरी के क्रम में चौथा ग्रह** है और **बुध के बाद सौरमंडल में दूसरा सबसे छोटा ग्रह** है।
- **पृथ्वी के आकार** का लगभग आधा, इसमें **ओलंपस मोन्स (सबसे बड़ा ज्वालामुखी)** है, और इसके दो चंद्रमा (फोबोस और डीमोस) हैं।
- मंगल ग्रह **हर 24.6 घंटे में एक चक्कर पूरा करता है**, जिससे इसका दिन **पृथ्वी के दिन (23.9 घंटे) के लगभग बराबर** लंबा होता है। मंगल ग्रह के दिनों को **सोल (Sols)** कहा जाता है।
    - मंगल ग्रह पर एक वर्ष **669.6 सोल** का होता है, जो **पृथ्वी के 687 दिनों के बराबर** है।
- इसकी धुरी अपनी कक्षा के सापेक्ष **25 डिग्री** झुकी हुई है, जो **पृथ्वी के अक्षीय झुकाव 23.4 डिग्री** के समान है।
    - मंगल ग्रह पर भी **पृथ्वी के समान मौसम** आते हैं, लेकिन उनकी **अवधि लंबी** होती है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

7.

उत्तर: B

व्याख्या:

**टेम्स नदी:**

- इसकी लंबाई **346 किमी.** है **(इंग्लैंड की सबसे लंबी नदी, रिवर सेवर्न** के बाद यूनाइटेड किंगडम में दूसरा सबसे लंबी नदी)।
- यह नदी **टेम्स हेड, ग्लॉस्टरशायर** से निकलती है, तथा **टेम्स ज्वारनदमुख** के मुहाने पर **नोर सैंडबैंक** के माध्यम से उत्तरी सागर में गिरती है।
    - **लंदन टेम्स नदी के तट पर स्थित है**।
- इससे **लंदन के दो-तिहाई पेयजल की आपूर्ति** होती है और यह एक **महत्त्वपूर्ण व्यापार मार्ग** रहा है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:




- **अत: विकल्प B सही है।**

**8.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **मैत्री प्लेटफार्म:** यह **व्यापार दस्तावेज़ीकरण को डिजिटाइज़ करने,** प्रसंस्करण समय को कम करने, व्यापार प्रवाह को अनुकूलित करने और सतत् विकास में योगदान करने के लिये अंतर्राष्ट्रीय व्यापार एवं नियामक इंटरफेस (MAITRI) के लिये मास्टर एप्लीकेशन है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह भारत और UAE **(IMEC के तहत) के बीच वर्चुअल ट्रेड कॉरिडोर (VTC)** को सक्षम बनाता है और इसका उद्देश्य दक्षता और सुरक्षा के लिये **AI** और **ब्लॉकचेन** का उपयोग करके **बिम्सटेक** और **आसियान** तक विस्तार करना है। **अत: कथन 2 सही है।**

**9.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **झुमोर, असम की चाय उद्योग में संलग्न जनजातियों** का एक पारंपरिक लोक नृत्य है, जो **झारखंड के छोटानागपुर क्षेत्र** से प्रेरित है।
- यह **नृजातीय भाषाई समूह (छोटानागपुर क्षेत्र से उत्पन्न)** से संबंधित है और फसल कटाई, विवाह एवं समारोहों के दौरान किया जाता है।
- झुमोर नृत्य पुरुषों एवं महिलाओं द्वारा गोलाकार रूप में किया जाता है।
- झुमोर नृत्य असम के चाय बागान समुदायों की एकता, गौरव एवं संघर्ष को दर्शाता है जिसमें गायन के माध्यम से चाय बागान समुदाय के प्रवास, शोषण और सामाजिक संघर्षों का वर्णन किया जाता है।
- **अत: विकल्प C सही है।**

**10.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- TB एक जीवाणु संक्रमण (माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस) है जो फेफड़ों को प्रभावित करता है तथा वायु के माध्यम से संचरित होता है।
  - विश्व की लगभग 25% आबादी TB से संक्रमित है, लेकिन केवल 5-10% में ही लक्षण विकसित होते हैं।
- **TB से बचाव के लिये शिशुओं को बैसिल कैलमेट-गुएरिन (BCG) टीका दिया जाता है। अत: कथन 1 सही है।**
- WHO तीव्र आणविक परीक्षण (Xpert MTB/RIF अल्ट्रा) की सिफारिश करता है। यह पारंपरिक परीक्षणों की तुलना में अधिक प्रभावी है।
- **मल्टीड्रग-रेसिस्टेंट TB (MDR-TB) आइसोनियाज़िड और रिफाम्पिसिन** (TB के उपचार हेतु प्रयुक्त होने वाली दवाएँ) के प्रति प्रतिरोधी है, तथा महंगे विकल्पों से इसका इलाज संभव है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस (HIV) के रोगी TB के प्रति 16 गुना अधिक संवेदनशील** होते हैं, जो उनकी मृत्यु का एक प्रमुख कारण है। **अत: कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

11.

उत्तर: A

व्याख्या:

Tinospora cordifolia (गिलोय):

- यह **मेनिस्पर्मेसी कुल** से संबंधित एक **आरोही क्षुप (Shrub)** है।
- **गिलोय (गुडुची या अमृता)** का उपयोग **आयुष प्रणालियों** में सदियों से इसके प्रतिरक्षा-बढ़ाने वाले और अनुकूली गुणों के कारण किया जाता रहा है।
- यह मूलत: **भारत** में पाया जाता है, लेकिन चीन, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में भी पाया जाता है।
- इसकी सर्वोत्तम वृद्धि **कोष्ण जलवायु** और **मध्यम काली या लाल मृदा** में होती है।
- इसका प्रयोग पारंपरिक रूप से **बुखार, मधुमेह, संक्रमण, गठिया, पीलिया, अस्थमा, अतिसार और त्वचा रोगों** के उपचार के लिये किया जाता है।
- **कोविड-19 महामारी** से प्रतिरक्षा बढ़ाने वाली **प्राकृतिक औषधियों** में वैज्ञानिकों की रुचि बढ़ी, जिससे अधिक शोध किया गया।
- **नैदानिक अध्ययनों** के अनुसार गिलोय निम्नलिखित मामलों में प्रभावी है:
  - **कैंसर चिकित्सा** (जैसे, HPV-पॉज़िटिव गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर उपचार)।
  - **स्वप्रतिरक्षी रोग प्रबंधन** (जैसे, इडियोपैथिक ग्रैनुलोमैटस मैस्टाइटिस)।
  - चिरकालिक रोगों में **सूजनरोधी अनुप्रयोग।**
- गत एक दशक में **गिलोय (Tinospora cordifolia)** से संबंधित शोध प्रकाशनों में **376.5%** की वृद्धि हुई है (वर्ष 2014 में 243 से वर्ष 2024 में 913), जो इस पौधे की चिकित्सीय क्षमता में बढ़ती वैश्विक रुचि को उजागर करता है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

12.

उत्तर: C

व्याख्या:

**मोरारजी देसाई:**

- इनका जन्म **29 फरवरी 1896** को हुआ था और वे **छठी लोकसभा** के दौरान भारत के **चौथे प्रधानमंत्री** (1977 से 1979) के रूप में कार्यरत रहे।
  - उन्हें **व्यक्तिगत सत्याग्रह (वर्ष 1941)** के दौरान हिरासत में लिया गया और **भारत छोड़ो आंदोलन (वर्ष 1942)** के दौरान गिरफ्तार किया गया।
- **स्वतंत्रता के बाद: वर्ष 1956 में वे वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री** बने तथा वर्ष 1958 में **वित्त विभाग** संभाला।
  - उन्होंने **कामराज योजना (वर्ष 1963)** के तहत **केंद्रीय मंत्रिमंडल** से इस्तीफा दे दिया, जिसमें सरकारी पदों पर बैठे **वरिष्ठ कॉन्ग्रेस नेताओं** से **स्वेच्छा से इस्तीफा देने** और **ज़मीनी स्तर पर मज़बूती** पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
  - सरकारी प्रशासन के पुनर्गठन के लिये उन्हें **प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग (1966) का अध्यक्ष** नियुक्त किया गया। **अत: कथन 2 सही है।**
  - उन्होंने **वर्ष 1977 के लोकसभा चुनावों में जनता पार्टी** को जीत दिलाई और **प्रधानमंत्री** बने। उनके कार्यकाल के दौरान, कानून के शासन को बनाए रखने के लिये **44 वाँ संशोधन अधिनियम, 1978** लागू किया गया था।

13.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारत ने **भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI)** के नेतृत्व में **ताँबा-कोबाल्ट अन्वेषण** के लिये **ज़ाम्बिया में 9,000 वर्ग किमी क्षेत्र** हासिल किया है, तथा **2-3 वर्षों** में खनन अधिकार मिलने की उम्मीद है। **अत: कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- कनाडा और चीन के मौजूदा निवेश के साथ **ज़ाम्बिया ताँबे के उत्पादन में 7 वें** और **कोबाल्ट उत्पादन में 14 वें स्थान** पर है (वर्ष 2023)। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

- भारत **क्रिटिकल मिनरल्स परिसंपत्तियों** के अधिग्रहण के लिये **कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, तंज़ानिया, मोज़ाम्बिक और रवांडा** के साथ वार्ता कर रहा है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- भारत पहले से ही **दक्षिण अमेरिका (अर्जेंटीना, चिली)** और **ऑस्ट्रेलिया** में सक्रिय है, जहाँ **खनिज बिदेश इंडिया लिमिटेड (KABIL) लिथियम और कोबाल्ट परिसंपत्तियों** का अन्वेषण कर रहा है।
- **क्रिटिकल मिनरल्स** वे खनिज हैं जो किसी देश की अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय हित के लिये महत्त्वपूर्ण हैं।
- भारत ने **30 प्रमुख खनिजों** की पहचान की है, जिनमें **लिथियम, कोबाल्ट, ग्रेफाइट, निकल** और **दुर्लभ मृदा तत्त्व (REE)** शामिल हैं।

**14.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड **वन्य जीवन (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (WPA, 1972) के तहत गठित सांविधिक निकाय** है। यह वन्यजीव संरक्षण और विकास संबंधी सर्वोच्च निकाय है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- NBWL एक 47 सदस्यीय समिति है, जिसकी अध्यक्षता **प्रधानमंत्री** करते हैं, जो **पदेन अध्यक्ष** के रूप में कार्य करते हैं, जबकि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसका उद्देश्य वन्यजीवन और वन के संरक्षण और विकास को बढ़ावा देना है।
- यह सुनिश्चित करता है कि राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) के परामर्श के **बिना किसी भी बाघ अभयारण्य को असंवहनीय उपयोग के लिये नहीं बदला जाएगा। अतः कथन 3 सही है।**

**15.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची:**

- **भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची** में भारत की आधिकारिक भाषाओं की सूची दी गई है, जो **भाग XVII (अनुच्छेद 343-351)** के अंतर्गत आती हैं।
- **अनुच्छेद 344** में भाषा आयोग का प्रावधान किया गया है, जबकि **अनुच्छेद 351** में हिंदी के प्रसार को बढ़ावा दिये जाने का प्रावधान है। किसी भाषा को शामिल करने के लिये कोई निश्चित मानदंड नहीं है।
- प्रारंभ में, **14 भाषाओं** को सूचीबद्ध किया गया था, जिसमें सिंधी को **21वें संशोधन (1967)** द्वारा, **कोंकणी, मणिपुरी और नेपाली को 71वें संशोधन (1992)** द्वारा, तथा बोडो, डोगरी, मैथिली और संथाली को 92वें संशोधन (2003, 2004 में लागू) द्वारा जोड़ा गया था।
  - वर्तमान में **इसके अंतर्गत 22 भाषाओं को मान्यता दी गई है।**
- इस प्रकार, **कोंकणी, मणिपुरी और नेपाली सभी को वर्ष 1992 में 71वें संशोधन के माध्यम से शामिल किया गया।**
- **अतः विकल्प C सही है।**

**16.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **12वाँ रीजनल 3R और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम:**
  - **भारत (जयपुर, राजस्थान)** ने एशिया और प्रशांत क्षेत्र में 12वें रीजनल 3R और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम की मेजबानी की, जिसमें धारणीय अपशिष्ट प्रबंधन तथा **सर्कुलर अर्थव्यवस्था** पर प्रकाश डाला गया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - यह एक क्षेत्रीय मंच है जो **एशिया-प्रशांत क्षेत्र** में **3R (रिड्यूस, रीयूज़, रीसाइकिल) सिद्धांतों** एवं **सर्कुलर**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025
SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

नोट :

**अर्थव्यवस्था** प्रथाओं को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। **अतः कथन 2 सही है।**

- यह संसाधन दक्षता रणनीतियों को लोकप्रिय करने के क्रम में **नीति निर्माताओं, उद्योग जगत के नेताओं, शोधकर्त्ताओं एवं साझेदारों** को एक साथ लाने में भूमिका निभाता है।

- **ऐतिहासिक संदर्भ:** इसे **3R सिद्धांतों** और संसाधन दक्षता को बढ़ावा देने के क्रम में **वर्ष 2009** में शुरू किया गया था।
    - हनोई **3R घोषणा** (2013-2023) के तहत संसाधन-कुशल तथा सर्कुलर अर्थव्यवस्था हेतु **33 स्वैच्छिक लक्ष्य** निर्धारित किये गए। **अतः कथन 3 सही है।**

**17.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- किसानों को प्रदान की जाने वाली कोई भी सहायता, जो सामान्यतः एम्बर बॉक्स में होती है, उसे ब्लू बॉक्स में शामिल किया जाता है, यदि इसके लिये किसानों को उत्पादन सीमित करना पड़ता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इन उपायों का उद्देश्य व्यापार एवं उत्पादन विकृतियों को कम करना है।
    - वर्तमान में ब्लू बॉक्स सब्सिडी पर कोई व्यय सीमा नहीं है। **अतः कथन 2 सही है।**

**18.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- वालेस रेखा **एशिया और ऑस्ट्रेलिया** के विशिष्ट जीव-जंतुओं वाले क्षेत्रों को अलग करने वाली एक **काल्पनिक सीमा** है।
    - यह **जैव भौगोलिक विभाजन** की एक प्रमुख रेखा है, जिसमें दोनों ओर प्रजातियों में काफी अंतर देखने को मिलता है।
- यह **मकास्सर जलडमरूमध्य** से होकर गुजरती है, जो **बोर्नियो** के पूर्वी तट और सुलावेसी के पश्चिमी तट के बीच स्थित है।
    - यह **बाली और लोम्बोक के बीच फैला हुआ है तथा सुंडा एवं साहुल महाद्वीपीय तटों को अलग** करती है।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**19.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**ब्लू घोस्ट मिशन 1:**

- एक अमेरिकी कंपनी, **फायरफ्लाई एयरोस्पेस**, ने अपने **ब्लू घोस्ट मिशन 1** को चाँद पर सफलतापूर्वक लैंड किया। यह चाँद पर सीधा उतरने वाला पहला और निजी क्षेत्र का दूसरा मिशन है।
- इस मिशन का उपनाम **"घोस्ट राइडर्स इन द स्काई (Ghost Riders in the Sky)"** रखा गया है, तथा इसे जनवरी, 2025 में स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट के जरिये लॉन्च किया जाएगा।
- यह चंद्रमा के **उत्तर पूर्वी भाग में स्थित ज्वालामुखी संरचना मॉन्स लैट्रेइल** के पास उतरा (लैंडर का नाम: गोल्डन)।
- यह नासा द्वारा उद्योग के साथ सहयोग का एक हिस्सा है, जिसका उद्देश्य **लागत को कम करना तथा आर्टेमिस कार्यक्रम (अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर वापस भेजने का मिशन)** को समर्थन प्रदान करना है।
- **आगामी चंद्र मिशन:**
    - **IM-2 मिशन:** इंट्यूटिव मशीन्स का IM-2 मिशन, जिसमें लैंडर **एथेना** भी शामिल है, **मार्च 2025** में लॉन्च किया जाएगा।
    - फरवरी 2024 में, इंट्यूएटिव मशीन्स **चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग** करने वाली पहली निजी कंपनी बन जाएगी तथा वर्ष 1972 में **अपोलो 17** के बाद पहली अमेरिकी लैंडिंग होगी।
    - **नासा का CLPS कार्यक्रम:** अमेरिका का लक्ष्य नासा के USD **कमर्शियल लूनर पेलोड सर्विसेज (CLPS) कार्यक्रम** के माध्यम से नियमित निजी चंद्र मिशन स्थापित करना है।
- **अतः विकल्प A सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

20.

उत्तर: B

व्याख्या:

- **दिव्यांगजनों के लिये संवैधानिक प्रावधान:**
  - **मौलिक अधिकार:** अनुच्छेद 14, अनुच्छेद 19 और अनुच्छेद 21।
  - **DPSP: अनुच्छेद 41** (बेरोज़गारी, वृद्धावस्था, बीमारी और दिव्यांगता के मामलों में सार्वजनिक सहायता का समर्थन करता है)। **अतः कथन 1 सही है।**
- **पंचायतों और नगर पालिकाओं की ज़िम्मेदारियाँ:**
  - **11वीं अनुसूची:** दिव्यांगजनों सहित सामाजिक कल्याण पर ध्यान केंद्रित करती है (अनुच्छेद 243-G की प्रविष्टि 26)।
  - **12 वीं अनुसूची:** दिव्यांगजनों सहित कमज़ोर वर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करती है (अनुच्छेद 243-W की प्रविष्टि 9)।
- **दिव्यांगता अधिकार से संबंधित कानून:**
  - **RPwD अधिनियम, 2016:** इसका उद्देश्य समान अवसर सुनिश्चित करना, अधिकारों की रक्षा करना और दिव्यांगजनों की पूर्ण भागीदारी को सक्षम बनाना है।
  - **राष्ट्रीय ट्रस्ट अधिनियम, 1999:** इस अधिनियम के द्वारा अन्य मामलों के अलावा ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता और बहु नि:शक्तताओं से ग्रस्त व्यक्तियों के कल्याण हेतु एक राष्ट्रीय निकाय की स्थापना की गई। **अतः कथन 2 सही नही है।**
  - **मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, 2017:** यह अधिनियम मानसिक बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा करता है।
- **दिव्यांगजनों से संबंधित ऐतिहासिक मामले:**
- ***सुचिता श्रीवास्तव बनाम चंडीगढ़ प्रशासन, 2009:*** **इसमें न्यायालय ने मानसिक रूप से मंद महिला** के प्रजनन अधिकारों को बरकरार रखा। **अतः कथन 3 सही है।**
- ***भारत सरकार बनाम रवि प्रकाश गुप्ता, 2010:*** सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय सुनाया कि **पूर्वनिर्धारित रोज़गार मानदंडों का उपयोग** दृष्टिबाधित उम्मीदवारों को आरक्षण से वंचित करने के लिये नहीं किया जा सकता है, ताकि निष्पक्ष नियुक्तियाँ सुनिश्चित हो सकें।

21.

उत्तर: C

व्याख्या:

**धौलावीरा:**

- यह **गुजरात के कच्छ (खदिर का शुष्क द्वीप)** में स्थित है, यह एक महत्त्वपूर्ण पुरातात्त्विक स्थल है जहाँ **3000 ईसा पूर्व से 1800 ईसा पूर्व** तक लोग निवास करते थे।
  - इसकी खोज **वर्ष 1968** में **जगतपति जोशी** ने की थी।
- यह **सिंधु घाटी सभ्यता का पाँचवाँ सबसे बड़ा स्थल** है और दो मौसमी नदियों, **मानसर** और **मनहर** के बीच स्थित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- पुरातात्त्विक खोजों में **टेराकोटा मृदभांड, मुहरें, आभूषण और धातु विज्ञान** के साक्ष्य शामिल हैं। यह **ताँबे, आभूषण और लकड़ी का व्यापार केंद्र** था, जहाँ सिंधु घाटी लिपि में अभिलेख अंकित थे।
  - घटनास्थल पर कोई **मानव अवशेष नहीं** मिला है।
- धौलावीरा में **एक किलेबंद महल, मध्य और निचले शहर** और एक **कब्रिस्तान सहित एक चारदीवारी वाला शहर** है।
  - इसकी **उन्नत जल व्यवस्था में 16 जलाशय और बावड़ियाँ** शामिल हैं।
- इसे **वर्ष 2021** में **यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल** घोषित किया गया। **अतः कथन 2 सही है।**

22.

उत्तर: B

व्याख्या:


**भारत का वस्त्र क्षेत्र:**

- **वैश्विक वस्त्र व्यापार में स्थिति:** भारत के पास विश्व स्तर पर **दूसरी सबसे बड़ी वस्त्र विनिर्माण क्षमता** है और वर्ष 2023

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

में यह वस्त्र तथा परिधान का छठा सबसे बड़ा निर्यातक रहा (वैश्विक व्यापार में 3.9% हिस्सेदारी)। **अतः कथन 1 सही है।**

- **भारत, विश्व में कपास का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है** (वैश्विक कपास उत्पादन का 23.83%), जिसका उत्पादन **वर्ष 2030 तक 7.2 मिलियन टन** तक पहुँचने का अनुमान है।
- भारत, **विश्व में जूट का सबसे बड़ा उत्पादक है और पॉलिस्टर, विस्कोस, नायलॉन एवं ऐक्रेलिक सहित मानव निर्मित फाइबर (MMF) का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक** है। **अतः कथन 2 सही है।**




- **बाज़ार वृद्धि अनुमानः भारत का वस्त्र एवं परिधान बाज़ार वर्ष 2030 तक 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर** तक पहुँचने का अनुमान है।
    - विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिये स्वचालित मार्ग के तहत वस्त्र उद्योग में 100% **प्रत्यक्ष विदेशी निवेश** (FDI) की अनुमति दी गई।

23.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**स्टारलिंक:**

- स्पेसएक्स द्वारा विकसित, यह एक उपग्रह-आधारित इंटरनेट सेवा है, जिसे विशेष रूप से दूरदराज़ के क्षेत्रों में उच्च गति, निम्न विलंबता कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिये डिज़ाइन किया गया है। लगभग 7,000 **निम्न-भू कक्षा** (LEO) उपग्रहों के विशाल समूह के साथ, स्टारलिंक विश्वव्यापी कवरेज प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत ने सुरक्षा, गोपनीयता और मूल्य निर्धारण संबंधी चिंताओं के साथ-साथ स्थानीय दूरसंचार और उपग्रह उद्योग के विरोध के कारण स्टारलिंक को मंज़ूरी नहीं दी है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- स्टारलिंक उपग्रहों में हॉल थ्रस्टर्स लगे होते हैं, जिनमें आवेग उत्पन्न करने हेतु विद्युत और क्रिप्टन गैस का उपयोग होता है। **अतः कथन 3 सही है।**

24.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौता** जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) के तहत कानूनी रूप से बाध्यकारी वैश्विक समझौता है जिसे वर्ष 2015 में अपनाया गया था। इसे UNFCCC COP21 में अपनाया गया था।
- इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से निपटना और ग्लोबल वार्मिंग को पूर्व-औद्योगिक स्तरों से 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे सीमित करना है, साथ ही वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने की महत्वाकांक्षा है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसने **क्योटो प्रोटोकॉल** की जगह ली जो जलवायु परिवर्तन से निपटने हेतु एक पूर्ववर्ती समझौता था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- पेरिस समझौता देशों के लिये ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के अनुकूल होने, तथा जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिये विकासशील देशों को उनके प्रयासों में सहायता प्रदान करने के लिये मिलकर काम करने हेतु एक रूपरेखा तैयार करता है।
- पेरिस समझौते के तहत, प्रत्येक देश को हर 5 साल में अपने NDC प्रस्तुत करने और अपडेट करने की आवश्यकता होती है, जिसमें ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और जलवायु परिवर्तन के अनुकूल होने की उनकी योजनाओं की रूपरेखा होती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

25.

उत्तर: C

व्याख्या:

- विश्व का सबसे बड़ा आइसबर्ग, **कोलोसल A23a** (3,672 वर्ग किमी), **दक्षिण जॉर्जिया द्वीप** से लगभग 70 किमी दूर अटका हुआ है, जो संभवत: अपने वन्यजीव आवासों को पारिस्थितिक क्षति से बचा रहा है।
- A23a **वर्ष 1986 में फिल्चनर आइस शेल्फ (अंटार्कटिका)** से **टूट गया** और 30 से अधिक वर्षों तक **वेडेल सागर** में अटका रहा और **वर्ष 2020 में उत्तर की ओर** दक्षिण जॉर्जिया द्वीप की ओर बहना शुरू कर दिया।
- आइसबर्ग के भूमि पर अवतलन और विगलन से निकलने वाले **पोषक तत्त्व समुद्री भोजन की उपलब्धता को बढ़ा सकते हैं,** जिससे **क्षेत्रीय पारिस्थितिकी तंत्र** को सहायता मिल सकती है।
- **अत: विकल्प C सही है।**

26.

उत्तर: C

व्याख्या:

**प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY)**

- **PMMVY:** यह **महिला एवं बाल विकास मंत्रालय** के तहत **वर्ष 2017** में शुरू की गई **केंद्र प्रायोजित योजना** है, जिसके तहत पात्र गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं को मातृत्व लाभ प्रदान किया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **उद्देश्य:** यह मातृ पोषण सुनिश्चित करने, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, वित्तीय स्थिरता का समर्थन करने तथा बालिकाओं के जन्म को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है।
- **मुख्य विशेषताएँ:** इसके तहत मातृ स्वास्थ्य एवं पोषण को समर्थन देने के क्रम में **वित्तीय सहायता** प्रदान किया जाना शामिल है।
  - इसके अंतर्गत **पहले बच्चे के लिये** 5,000 रुपए प्रदान किये जाते हैं तथा **जननी सुरक्षा योजना (JSY)** के अंतर्गत अतिरिक्त लाभ के तहत महिलाओं को कुल मिलाकर लगभग **6,000 रुपए** प्राप्त होते हैं। **अत: कथन 2 सही है**
  - **दूसरा बच्चा (केवल लड़की होने पर): लैंगिक समानता को बढ़ावा देने** और **कन्या भ्रूण हत्या को हतोत्साहित करने** के लिये 6,000 रुपए दिये जाते हैं।
- **चिंताएँ:**
  - **सीमित कवरेज:** यह योजना **NFSA, 2013 का उल्लंघन है,** जो सार्वभौमिक मातृत्व लाभ को अनिवार्य बनाता है, क्योंकि इसमें लाभ केवल **पहले दो बच्चों तक सीमित है,** तथा दूसरे बच्चे को केवल तभी शामिल किया जाता यदि वह **लड़की** हो।

27.

उत्तर: B

व्याख्या:

- **निवारक निरोध** का तात्पर्य संभावित गैर-कानूनी गतिविधियों को रोकने के क्रम में किसी व्यक्ति को **बिना सुनवाई** के हिरासत में लेना है। दंडात्मक निरोध के विपरीत (जिसमें **उचित प्रक्रिया और दोषसिद्धि नियमों का पालन किया जाता है**) निवारक निरोध के तहत **संदेह के आधार पर व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर अंकुश** लगाया जाता है।
- **संवैधानिक प्रावधान: अनुच्छेद 22** के अंतर्गत **गिरफ्तारी तथा निरोध के खिलाफ** सुरक्षा प्रदान की जाती है। इसका पहला भाग आपराधिक जाँच से जुड़े सामान्य विधिक मामलों से संबंधित है जबकि **दूसरा भाग निवारक निरोध** से संबंधित है।
  - किसी व्यक्ति को बिना विचारण के **तीन माह** तक हिरासत में रखा जा सकता है, जब तक कि **सलाहकार बोर्ड** (जिसमें उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बनने के लिये अर्हित व्यक्ति शामिल होते हैं) द्वारा अवधि न बढ़ा दी जाए।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- **हिरासत में लिये गए व्यक्ति को हिरासत में लिये जाने के कारणों के बारे में सूचित किया जाना** चाहिए, जब तक कि इससे सार्वजनिक हित को नुकसान न पहुंचे। उन्हें **विधिक प्रतिनिधित्व का अधिकार** है, हालाँकि कुछ मामलों में इस अधिकार को प्रतिबंधित किया जा सकता है।
- **निवारक निरोध से संबंधित प्रमुख कानून:**
    - **राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980:** राष्ट्रीय सुरक्षा और लोक व्यवस्था को खतरे से बचाने के लिये नज़रबंदी की अनुमति का प्रावधान।
    - **विधिविरुद्ध क्रिया-कलाप (निवारण) अधिनियम, 1967:** भारत की संप्रभुता, सुरक्षा और अखंडता को खतरा पहुँचाने वाली गतिविधियों की रोकथाम किये जाने का प्रावधन।

**28.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**काराकोरम विसंगति**

- काराकोरम **विसंगति** का तात्पर्य **काराकोरम रेंज** में ग्लेशियरों के **असामान्य व्यवहार** से है जहाँ वे या तो **स्थिर** रहे हैं या उनके **द्रव्यमान में मामूली वृद्धि** हुई है, जो जलवायु परिवर्तन के कारण वैश्विक स्तर पर **ग्लेशियर में आने वाली कमी** की प्रवृत्ति के **विपरीत** है।
    - **काराकोरम रेंज** एक पर्वतीय क्षेत्र है जो **पाकिस्तान, भारत, अफगानिस्तान, ताजिकिस्तान तथा चीन तक विस्तृत है।**
- **अत: विकल्प A सही है।**

**29.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **फिज़कल मॉनिटर रिपोर्ट** को **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष** (IMF) द्वारा प्रकाशित किया जाता है। इसके तहत वैश्विक राजकोषीय नीतियों का विश्लेषण प्रस्तुत करने के साथ विभिन्न देशों में चुनौतियों की शमन रणनीतियों पर प्रकाश डाला जाता है।
- **एक्सटर्नल सेक्टर रिपोर्ट** भी **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)** द्वारा प्रकाशित की जाती है।
    - इसके तहत वैश्विक बाह्य घटनाक्रमों का विश्लेषण करने एवं चालू खाता, पूंजी प्रवाह और अंतर्राष्ट्रीय भंडारों सहित देशों की बाह्य स्थिति का आकलन किया जाता है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**30.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **प्लेनेटरी परेड** अर्थात् ग्रहों का संरेखण एक दुर्लभ खगोलीय घटना है, जिसमें **सात ग्रह- बुध, शुक्र, मंगल, बृहस्पति, शनि, यूरेनस और नेपच्यून, सूर्य के एक ओर पंक्तिबद्ध होते हैं।**
    - ऐसा इसलिये होता है क्योंकि **ग्रह सूर्य की परिक्रमा एक समतल, डिस्करूपी पथ पर करते हैं जिसे क्रांतिवृत्त तल (Ecliptic Plane) कहते हैं।**
- ग्रहों का ऐसा संरेखण अत्यंत दुर्लभ है, जो कुछ दशकों में केवल एक बार होता है। अगली बार इस घटना का वर्ष 2040 में घटित होने के अनुमान हैं।
- बुध, शुक्र, मंगल, बृहस्पति और शनि को बिना किसी यंत्र की सहायता से नग्न आँखों से देखा जा सकता है, जबकि यूरेनस और नेपच्यून को उनकी दूरी और धुँधलेपन के कारण दूरबीन से देखा जा सकता है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**31.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**क्रिप्टोकरेंसी:**

- क्रिप्टोकरेंसी एक **डिजिटल या वर्चुअल करेंसी** है जो लेनदेन को सुरक्षित करने के लिये क्रिप्टोग्राफी का उपयोग करती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

यह एक **विकेंद्रीकृत मुद्रा** है (किसी सरकार या संस्था द्वारा नियंत्रित नहीं)। **अतः कथन 1 सही है।**

- क्रिप्टोकरेंसी के साथ किये गए लेन-देन को ब्लॉकचेन नामक **सार्वजनिक डिजिटल खाताबही** में दर्ज किया जाता है।
- क्रिप्टोकरेंसी लेन-देन में संलग्न होने के लिए, व्यक्तियों या व्यवसायों को अपनी परिसंपत्तियों को सुरक्षित रूप से संग्रहीत करने के क्रम में एक डिजिटल वॉलेट प्राप्त करना होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - ये कुंजियाँ क्रिप्टोकरेंसी भेजने और प्राप्त करने के साथ-साथ ब्लॉकचेन पर लेनदेन को सत्यापित करने के लिए भी आवश्यक हैं।
- भारत में क्रिप्टोकरेंसी **अनियमित** है लेकिन इस पर विशेष रूप से प्रतिबंध नहीं है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**32.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **बाह्य अंतरिक्ष संधि (वर्ष 1967):** संधि का **अनुच्छेद VI** राज्यों को निजी सहित **सभी राष्ट्रीय अंतरिक्ष गतिविधियों के लिये ज़िम्मेदार** बनाता है, लेकिन इसमें **प्रवर्तन तंत्र का अभाव** है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **अंतरिक्ष वस्तुओं से होने वाली क्षति के लिये अंतर्राष्ट्रीय दायित्व पर अभिसमय (वर्ष 1972):** यह पृथ्वी पर अंतरिक्ष वस्तुओं से होने वाली क्षति के लिये **पूर्ण उत्तरदायित्व** लागू करता है, इसमें **लापरवाही के किसी साक्ष्य की आवश्यकता नहीं** होती, लेकिन इसका **प्रवर्तन कमज़ोर** है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **डीऑर्बिटिंग पर स्वैच्छिक संयुक्त राष्ट्र दिशानिर्देश:** संयुक्त राष्ट्र **25 वर्षों के भीतर** उपग्रहों को **डीऑर्बिटिंग** करने की सिफारिश करता है, लेकिन अनुपालन दर केवल **30%** के आसपास है।

**33.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**अनुच्छेद 14:**

- अनुच्छेद 14 (विधि के समक्ष समता) के अनुसार, किसी भी व्यक्ति, **चाहे वह नागरिक हो या विदेशी,** को भारत में विधि के समक्ष समता या विधियों के समान संरक्षण से वंचित नहीं किया जा सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **उचित वर्गीकरण:** अनुच्छेद 14 वर्ग विधान को प्रतिबंधित करता है, लेकिन बोधगम्य भिन्नता (भेद करने योग्य अंतर) के आधार पर उचित वर्गीकरण की अनुमति देता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**34.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (CPSE):**

- **परिचय:** CPSE वे कंपनियाँ हैं जिनमें **केंद्र सरकार अथवा अन्य CPSE की कम-से-कम 51% हिस्सेदारी** होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - **सार्वजनिक उद्यम विभाग (DPE)** विभिन्न मंत्रालयों के तहत CPSE के प्रदर्शन, वित्त और नीतियों की देखरेख करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - स्वतंत्रता के बाद, भारत के समाजवादी मॉडल ने भारी उद्योग, बैंकिंग, तेल और गैस, इस्पात और विद्युत् क्षेत्र में CPSE को जन्म दिया। **वर्ष 1991 के आर्थिक सुधारों** ने निगमीकरण, बढ़ती प्रतिस्पर्द्धा और CPSE में लाभप्रदता और दक्षता पर अधिक ध्यान केंद्रित किया।
- **महत्त्व:** CPSE भारत के आर्थिक विकास, बुनियादी ढाँचे के निर्माण, रोज़गार सृजन और औद्योगिक विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
- **वर्गीकरण:** CPSE को आकार, वित्तीय प्रदर्शन और रणनीतिक महत्त्व के आधार पर **मिनीरत्न, नवरत्न और महारत्न** में वर्गीकृत किया गया है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**Classification of CPSEs**

| Category | Launch | Criteria | Examples |
|---|---|---|---|
| Maharatna | ❍ **Maharatna Scheme** was introduced for CPSEs in May, 2010, in order to **empower mega CPSEs to expand their operations and emerge as global giants.** | ❍ Having **Navratna status.**<br>❍ Listed on Indian stock exchange with minimum prescribed public shareholding under **Securities and Exchange Board of India (SEBI)** regulations.<br>❍ An **average annual turnover of more than Rs. 25,000 crore** during the last 3 years.<br>❍ An average annual **net worth of more than Rs. 15,000 crore** during the last 3 years.<br>❍ An average **annual net profit after tax of more than Rs. 5,000 crore** during the last 3 years.<br>❍ Should have **significant global presence/international operations.** | ❍ Bharat Heavy Electricals Limited, Bharat Petroleum Corporation Limited, Coal India Limited, GAIL (India) Limited, etc. |
| Navratna | ❍ **Navratna Scheme** was introduced in **1997** in order to identify CPSEs that enjoy comparative advantages in their respective sectors and **to support them in their drive to become global players.** | ❍ The **Miniratna Category – I and Schedule 'A' CPSEs, which have obtained 'excellent' or 'very good' rating** under the Memorandum of Understanding system in three of the last five years, and have composite score of 60 or above in the **six selected performance parameters,** namely,<br>  ❍ Net profit to net worth.<br>  ❍ Manpower cost to total cost of production/services.<br>  ❍ Profit before depreciation, interest and taxes to capital employed.<br>  ❍ Profit before interest and taxes to turnover.<br>  ❍ Earning per share.<br>  ❍ Inter-sectoral performance. | ❍ Bharat Electronics Limited, Hindustan Aeronautics Limited, etc. |
| Miniratna | ❍ **Miniratna scheme** was introduced in **1997** in pursuance of the policy objective **to make the public sector more efficient and competitive** and to grant enhanced autonomy and delegation of powers to the profit-making public sector enterprises. | ❍ **Miniratna Category-I:** The CPSEs which have **made profit in the last three years continuously,** pre-tax profit is Rs.30 crores or more in at least one of the three years and have a positive net worth are eligible to be considered for grant of Miniratna-I status.<br>❍ **Miniratna Category-II:** The CPSEs which have **made profit for the last three years continuously and have a positive net worth** are eligible to be considered for grant of Miniratna-II status.<br>❍ Miniratna CPSEs **should have not defaulted in the repayment of loans/interest payment on any loans** due to the Government.<br>❍ Miniratna CPSEs **shall not depend upon budgetary support or Government guarantees.** | ❍ **Category-I:** Airports Authority of India, Antrix Corporation Limited, etc.<br>❍ **Category-II:** Artificial Limbs Manufacturing Corporation of India, Bharat Pumps & Compressors Limited, etc. |

- फरवरी 2025 में **भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम ( IRCTC )** और **भारतीय रेलवे वित्त निगम ( IRFC )** क्रमश: देश की 25वीं और 26वीं नवरत्न कंपनियाँ हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

35.

उत्तर: D

व्याख्या:

- **जन औषधि दिवस:** इसकी शुरुआत PMBJP के तहत **7 मार्च 2019** से की गई थी। इस पहल में संपूर्ण देश में 1 से 7 मार्च का साप्ताहिक उत्सव, '**जन औषधि सप्ताह**' शामिल है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **2025 थीम:** सभी के लिये किफायती और उच्च गुणवत्ता वाली दवाओं पर बल देते हुए इस वर्ष की थीम **"दाम कम-दवाई उत्तम"** रही।
- **PMBJP:** PMBJP को मूल रूप से वर्ष 2008 में **रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय** के तहत **जन औषधि योजना** के रूप में शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य **प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों (PMBJK)** के माध्यम से सस्ती दवाइयाँ उपलब्ध कराना था।
  - वर्ष 2015 में इस योजना को **प्रधानमंत्री जन औषधि योजना** के रूप में नया रूप दिया गया और वर्ष 2016 में इसका नाम बदलकर PMBJP कर दिया गया। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

36.

उत्तर: A

व्याख्या:

- **पेलिकन:** पेलिकन (जीनस पेलेकेनस) **बड़े जलीय पक्षी** हैं जिन्हें मछली पकड़ने के लिये इस्तेमाल किये जाने वाले अपने अंगों जैसे **लंबी चोंच** एवं **लार्ज थ्रोट पाउच** के लिये जाना जाता है।
- पेलिकन **अत्यधिक सामाजिक पक्षी** हैं, जो सैकड़ों की संख्या में कॉलोनियों में रहते हैं।
- यह पक्षी **मांसाहारी** होते हैं जो मुख्य रूप से मछली खाते हैं, लेकिन **उभयचर, क्रस्टेशियन, कीट, पक्षी** एवं **छोटे स्तनधारी** भी खाते हैं।
- ये **अंटार्कटिका को छोड़कर सभी महाद्वीपों** पर मिलते हैं तथा झीलों एवं नदियों जैसे **गर्म तटीय और अंतर्देशीय जल** को पसंद करते हैं।
- **अत: विकल्प A सही है।**

37.

उत्तर: C

व्याख्या:

**लॉस एंड डैमेज फंड (LDF):**

अमेरिका ने **लॉस एंड डैमेज फंड (LDF)** से खुद को अलग कर लिया है, जिससे **पेरिस समझौते** और **ग्रीन क्लाइमेट फंड** जैसी वैश्विक जलवायु प्रतिबद्धताओं से उसकी दूरी और बढ़ गई है।

- **LDF: मिस्र में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन COP 27** में गठित LDF, **विकसित देशों** के योगदान के साथ, **बढ़ते समुद्र स्तर, उष्ण लहरों और चरम मौसम** जैसी जलवायु-जनित क्षतियों का सामना कर रहे **विकासशील और छोटे द्वीपीय देशों** का समर्थन करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - LDF का प्रबंधन एक **शासी बोर्ड** द्वारा किया जाता है, जिसका **अंतरिम ट्रस्टी विश्व बैंक** है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - LDF के तहत लगभग **750 मिलियन अमेरिकी डॉलर** का वादा किया गया था, जिसमें वापस लेने से पहले **अमेरिका ने 17.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर** का योगदान दिया था।
- **अमेरिकी वापसी के निहितार्थ: भारत** सहित सुभेद्य राष्ट्रों **(जिन्होंने अकेले ही मौसम संबंधी क्षति (2019-2023) में 56 बिलियन अमेरिकी डॉलर का सामना किया है)** को जलवायु सहायता में बढ़ती अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उत्तर-दक्षिण जलवायु वार्ता पर और अधिक दबाव पड़ रहा है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:


38.

उत्तर: B

व्याख्या:

**बीजिंग डिक्लेरेशन एंड प्लेटफॉर्म फॉर एक्शन:**

- **बीजिंग डिक्लेरेशन एंड प्लेटफॉर्म फॉर एक्शन (1995)** को **वर्ष 1995 में बीजिंग, चीन** में आयोजित महिलाओं पर **चौथे विश्व सम्मेलन** में अपनाया गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - यह **महिलाओं एवं लड़कियों के अधिकारों** के लिये एक महत्त्वपूर्ण आयाम है, जो विधिक संरक्षण, सेवा तक पहुँच, युवा सहभागिता तथा सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।
  - **भारत BPfA** पर **हस्ताक्षरकर्त्ता** है।
- **कार्यवाही के क्षेत्र:** इसके तहत लैंगिक समानता पर तत्काल कार्यवाही हेतु **12 प्रमुख क्षेत्रों** की पहचान करने के साथ सभी के लिये समान अवसर सुनिश्चित करने के क्रम में रणनीति प्रदान की गई। **प्रमुख क्षेत्र हैं:**




- **बीजिंग+30 एक्शन एजेंडा:** यह BPfA की **30 वीं वर्षगाँठ** (1995-2025) को चिह्नित करता है ताकि इसके कार्यान्वयन की **समीक्षा और मूल्यांकन** किया जा सके। **अत: कथन 2 सही है।**
  - **यह छह प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है:**




39.

उत्तर: A

व्याख्या:

- **माधव राष्ट्रीय उद्यान** शिवपुरी ज़िले में स्थित है, यह **ऊपरी विंध्य पहाड़ियों** का हिस्सा है और ऐतिहासिक रूप से मुगल सम्राटों और ग्वालियर के महाराजा के लिये शिकारगाह था।
  - इसे वर्ष 1959 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया।
- इस उद्यान में झीलें, शुष्क पर्णपाती व काँटेदार वन सहित समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र है, जहाँ बाघ, तेंदुआ, **नीलगाय, चिंकारा, चौसिंगा** और विभिन्न प्रकार के हिरण पाए जाते हैं।
- यह भारत के 32 प्रमुख बाघ कॉरिडोर में शामिल है, इसे वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत बाघ संरक्षण योजना के माध्यम से संचालित किया जाता है।
- हाल ही में इसे **भारत का 58वाँ बाघ अभयारण्य (MP का 9वाँ बाघ अभयारण्य)** घोषित किया गया है। रिज़र्व में वर्तमान में 5 बाघ हैं।
- **अत: विकल्प A सही है।**

40.

उत्तर: D

व्याख्या:

- **दिनेश गोस्वामी समिति (वर्ष 1990)** ने **चुनाव सुधारों** पर ध्यान केंद्रित किया, चुनाव व्यय लेखा के पुनर्गठन की सिफारिश

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025
SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

नोट:

की। इसने सेना, अर्द्धसैनिक कर्मियों, राजनयिकों और विदेशी नागरिकों के लिये प्रॉक्सी वोटिंग का भी प्रस्ताव रखा।

- **इंद्रजीत गुप्ता समिति (वर्ष 1998)** भी चुनावी सुधारों से संबंधित थी, इसने **निष्पक्षता सुनिश्चित करने और कम धनी दलों को समर्थन देने के लिये राज्य प्रायोजित चुनावों का प्रस्ताव** रखा। इसने केवल मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय दलों के लिये सार्वजनिक वित्त पोषण की सिफारिश की, साथ ही राज्य मीडिया और अन्य सुविधाओं पर नि:शुल्क एयरटाइम की भी सिफारिश की।
- **अत: विकल्प D सही है।**

**41.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **विश्व का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता** भारत अपनी **85% से अधिक कच्चे तेल की ज़रूरतों के लिये आयात पर निर्भर** है। अनुमानित **सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के 8.6 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ने से प्राथमिक ऊर्जा मांग** वर्ष 2040 तक **लगभग दोगुनी होकर 1,123 मिलियन टन तेल के बराबर हो जाएगी,** जिससे आपूर्ति स्थिरता महत्त्वपूर्ण हो जाएगी। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत का लक्ष्य **वर्ष 2025 तक अपने तेल और गैस अन्वेषण क्षेत्र को 0.5 मिलियन वर्ग किमी** से बढ़ाकर वर्ष 2030 तक **1 मिलियन वर्ग किमी** करना है। **अत: कथन 2 सही है।**
    - **कृष्णा-गोदावरी (KG) बेसिन** में नई परियोजनाओं और **अपतटीय अन्वेषण** प्रयासों से उत्पादन में वृद्धि होने की उम्मीद है।
- **इथेनॉल मिश्रण लक्ष्य:** जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने के लिये **वर्ष 2025-26 तक 20%** तक बढ़ाया जाएगा, जिससे सितंबर 2024 तक **इथेनॉल उत्पादन क्षमता** लगभग **1,600 करोड़ लीटर** तक पहुँच गई।
    - **इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (EBP)** कार्यक्रम ने $CO_2$ उत्सर्जन में 544 लाख मीट्रिक टन की कमी की है और **181 लाख मीट्रिक टन कच्चे तेल** का प्रतिस्थापन किया है। **अत: कथन 3 सही है।**

**42.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**अभ्यास खंजर-XII:**

- भारत-किर्गिज़स्तान संयुक्त विशेष बल अभ्यास खंजर-XII का **12वाँ** संस्करण **किर्गिज़स्तान** में आयोजित किया जा रहा है।
- **वर्ष 2011 में शुरू किया गया** यह एक **वार्षिक अभ्यास** है जो दोनों देशों में **क्रमिक** रूप से आयोजित किया जाता है ।
- इसमें भारतीय सेना की **पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल)** एवं किर्गिज़स्तान की **स्कॉर्पियन ब्रिगेड** भाग ले रही हैं।
- **इस अभ्यास का उद्देश्य शहरी एवं उच्च ऊँचाई वाले इलाकों** में **आतंकवाद-रोधी तथा विशेष अभियानों** में सहयोग को बढ़ाना है।
- इसके मुख्य क्षेत्रों में **स्नाइपिंग, बिल्डिंग इंटरवेंशन एवं माउंटेन वारफेयर** शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, किर्गिज़ त्योहार **नौरोज़ समारोह सहित सांस्कृतिक आदान-प्रदान** से द्विपक्षीय संबंध मज़बूत होंगे।
- यह अभ्यास **भारत-किर्गिज़स्तान रक्षा सहयोग को मज़बूत करने, आतंकवाद** एवं **उग्रवाद** जैसी **क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करने** तथा क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**43.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC):**

- **KVIC खादी और ग्रामोद्योग आयोग अधिनियम, 1956** के तहत स्थापित एक **वैधानिक निकाय** है और **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSME)** के तहत कार्य करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - यह ग्रामीण विकास एजेंसियों के साथ समन्वय करते हुए खादी और ग्रामोद्योग के लिये कार्यक्रमों की **योजना बनाता है, उन्हें बढ़ावा देता है और क्रियान्वित** करता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- **शहद मिशन (वर्ष 2017) KVIC** की एक पहल है जो **मधुमक्खी पालन और शहद उत्पादन (मधुमक्खी पालन) को बढ़ावा** देती है और अतिरिक्त आय के लिये **कृषि के साथ मधुमक्खी पालन को एकीकृत** करती है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - मधुमक्खी पालन उत्पादों में **शहद, रॉयल जेली, मोम, पराग** शामिल हैं जिनका व्यापक रूप से **फार्मास्यूटिकल्स, खाद्य, पेय पदार्थ, सौंदर्य** और अन्य उद्योगों में उपयोग किया जाता है।

**44.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**हथियारों के आयात को कम करने के लिये भारत की पहलें:**

- **बजट: बजट 2024-25** में रक्षा के लिये 6.21 लाख करोड़ रुपए आवंटित किये गए, जिसमें 75% पूंजीगत खरीद **घरेलू निर्माताओं** के लिये आरक्षित है।
- भारतीय विक्रेताओं से खरीद को सुविधाजनक बनाने के लिये **संयुक्त कार्यवाही के माध्यम से आत्मनिर्भर पहल (सृजन) पोर्टल** शुरू किया गया।
- **रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (DAP) 2020:** विदेशी खरीद की तुलना में घरेलू खरीद को प्राथमिकता दी गई।
- **"खरीदारी (भारतीय-स्वदेशी रूप से तैयार, विकसित एवं निर्मित-IDDM)"** जैसी श्रेणियाँ शुरू की गईं।
- रक्षा विनिर्माण में निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिये **मेक-I** और **मेक-II** परियोजनाओं को बढ़ावा दिया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **रक्षा औद्योगिक गलियारे (DIC):** रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिये **उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु** में दो गलियारे स्थापित किये गए। **अतः कथन 2 सही है।**
- **निजी क्षेत्र एवं FDI भागीदारी:** रक्षा विनिर्माण में **स्वचालित मार्ग** से 74% **प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI)** और **सरकारी मार्ग से** 100% निर्धारित किया गया।
  - भारत के कुल रक्षा उत्पादन में 21% योगदान निजी क्षेत्र का है।
- **रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र इकाइयाँ (DPSU):** भारत में 16 DPSU हैं, जिनमें **हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL),** भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) और मझगाँव डॉक शिपबिल्डर्स शामिल हैं।
- DPSU के नेतृत्व में प्रमुख स्वदेशीकरण परियोजनाओं में **INS विक्रांत** (भारत का पहला स्वदेशी विमान वाहक), **LCA तेजस** (HAL द्वारा विकसित उन्नत लड़ाकू जेट) शामिल हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
- **अनुसंधान एवं विकास एवं नवाचार: iDEX (रक्षा उत्कृष्टता के लिये नवाचार)** पहल अत्याधुनिक सैन्य प्रौद्योगिकी विकसित करने में स्टार्टअप्स और MSME को बढ़ावा देती है।
- **भावी लक्ष्य:** वर्ष 2029 तक 3 लाख करोड़ रुपए के उत्पादन के साथ भारत का लक्ष्य वर्ष 2025 तक 1.75 लाख करोड़ रुपए मूल्य का रक्षा उत्पादन करना है।

**45.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- परमाणु **अप्रसार संधि (NPT)** सभी देशों को एक निश्चित समयसीमा के अंदर अपने परमाणु हथियारों को खत्म करने का आदेश नहीं देती है। इसके तहत **परमाणु-हथियार संपन्न देशों (NWS) को बिना किसी समयसीमा** के निरस्त्रीकरण करने की आवश्यकता है, जबकि **गैर-परमाणु-हथियार वाले देशों (NNWS)** को शांतिपूर्ण उद्देश्यों हेतु परमाणु तकनीक का उपयोग करने की अनुमति दी गई है।
- परमाणु **अप्रसार संधि** के अनुसार, परमाणु **हथियार संपन्न में ऐसे देश** शामिल हैं जिन्होंने **1 जनवरी, 1967 से पहले परमाणु हथियारों का परीक्षण** किया था और उन्हें अपने पास रखा था। इन देशों में **अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांँस, चीन और USSR (अब रूस)** शामिल हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 — SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस — SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

नोट:

- **भारत ने NPT पर हस्ताक्षर नहीं** किये हैं, क्योंकि वह इसे भेदभावपूर्ण मानता है, क्योंकि इसके तहत केवल पाँच देशों को विधिक रूप से परमाणु हथियार रखने की अनुमति मिलती है।
- NPT के अनुपालन की निगरानी हेतु **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC)** नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय **परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) ज़िम्मेदार** है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**46.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**हाइड्रोजन पेरोक्साइड ($H_2O_2$) :**

- यह कमरे के तापमान पर **कड़वा स्वाद** वाला एक **रंगहीन तरल** है, **अत्यधिक अस्थिर है**, और **ऑक्सीजन और जल में विघटित** होकर ऊष्मा का उत्सर्जन करता है।
- **इसका उपयोग घावों के लिये एंटीसेप्टिक** (तरल घोल) और अस्पतालों और क्लीनिकों में कीटाणुनाशक के रूप में किया जाता है।
- यह एक **प्रबल ऑक्सीकारक** है तथा ज्वलनशील पदार्थों में स्वत: प्रज्वलन उत्पन्न कर सकता है।
- हाल ही में, शोधकर्त्ताओं ने **हाइड्रोजन पेरोक्साइड ($H_2O_2$) के संश्लेषण** के लिये एक **कुशल, पर्यावरण-अनुकूल और ऊर्जा-बचत** विधि विकसित की है।
  - पेरोक्साइड रसायन **कार्बनिक यौगिक** होते हैं जिनमें एक पेरोक्साइड कार्यात्मक समूह ( **दो जुड़े हुए ऑक्सीजन परमाणु** ) होता है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**47.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत के मानव इतिहास में प्रस्तर के औज़ार:**

| अवधि | औज़ार और प्रौद्योगिकी | प्रमुख स्थल |
|---|---|---|
| **निम्न पुरापाषाण काल (600,000 – 150,000 ईसा पूर्व)** | **हाथ की कुल्हाड़ी,** क्लीवर, चॉपर (काटने, छीलने के लिये) | बोरी (महाराष्ट्र), **सोन और सोहन घाटियाँ (पंजाब),** डीडवाना (राजस्थान), भीमबेटका (मध्य प्रदेश) |
| **मध्य पुरापाषाण काल (150,000 – 35,000 ईसा पूर्व)** | **फ्लेक्स, ब्लेड, पॉइंट,** बोरर, स्क्रेपर्स (छोटे प्रस्तर के टुकड़ों से) | नर्मदा घाटी, **बेलन घाटी (उत्तर प्रदेश),** तुंगभद्रा क्षेत्र (दक्षिण भारत) |
| **उच्च पुरापाषाण काल (35,000 – 10,000 ईसा पूर्व)** | **ब्लेड, ब्यूरिन, स्क्रेपर्स** (अधिक परिष्कृत और विविध) | **भीमबेटका (मध्य प्रदेश),** कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात रेत के टीले |
| **मध्यपाषाण काल (9000 – 4000 ईसा पूर्व)** | **माइक्रोलिथ** (छोटे प्रस्तर के औज़ार, जिन्हें प्राय: मिश्रित औज़ार के रूप में उपयोग किया जाता है) | बागोर (राजस्थान), **आदमगढ़ (मध्य प्रदेश),** कृष्णा नदी के दक्षिण में |
| **नवपाषाण काल (7000 – 5500 ईसा पूर्व)** | **आयताकार कुल्हाड़ियाँ,** पॉलिश प्रस्तर की कुल्हाड़ियाँ | **मेहरगढ़ (बलूचिस्तान),** बुर्ज़होम (कश्मीर), गुफकराल (कश्मीर), सेनुवार (बिहार) |

- **अत: विकल्प C सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

48.

उत्तर: D

व्याख्या:

- **प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों (PMBJKs)** की तर्ज पर बनाए गए पशु औषधि केंद्र, **पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार** के साथ किसानों के खर्च को कम करने के क्रम में पशु चिकित्सा हेतु **"जेनेरिक दवाएँ"** प्रदान करने पर केंद्रित हैं। पशु औषधि केंद्रों पर **एथनोवेटरनरी दवाइयाँ** भी बेची जाएंगी, जो पारंपरिक भारतीय ज्ञान एवं स्थानीय प्रथाओं पर आधारित होती हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम (LHDCP)** के तहत शुरू किये गए पशु औषधि केंद्रों में पशु चिकित्सा दवाओं और बिक्री प्रोत्साहन के लिये 75 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- LHDCP मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के तहत एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जो पशुधन के स्वास्थ्य, उत्पादकता और रोग प्रबंधन को बढ़ाने पर केंद्रित है, जिसका कुल परिव्यय वर्ष 2024-26 तक 3,880 करोड़ रुपए है।

49.

उत्तर: D

व्याख्या:

**भारत का फार्मास्युटिकल उद्योग**

- **परिचय:** भारत **विश्व स्तर पर** औषधि उत्पादन में मात्रा के आधार पर **तीसरे स्थान पर है** तथा मूल्य के आधार पर **14वें स्थान पर है,** तथा **वैश्विक वैक्सीन मांग का 50%** से अधिक तथा अमेरिका में **जेनेरिक दवाओं की 40%** आपूर्ति करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **आकार:** वित्त वर्ष 2023-24 के लिये भारत का फार्मास्युटिकल बाज़ार **50 बिलियन अमरीकी डॉलर** का है, जो **सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 1.72%** का योगदान देता है, और **वर्ष 2030 तक 130 बिलियन अमरीकी डॉलर** तक पहुँचने का अनुमान है।
    - भारत का जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र, जिसका मूल्य **वर्ष 2022 में 137 बिलियन अमेरिकी डॉलर** का है, का लक्ष्य **वर्ष 2030 तक 300 बिलियन अमेरिकी डॉलर** तक पहुँचना है।
- **प्रमुख खंड:**
    - **जेनेरिक दवाइयाँ:** भारत विश्व का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्त्ता है, जो **वैश्विक मांग का 20%** पूरा करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
    - **सक्रिय फार्मास्युटिकल सामग्री (API):** भारत **500 से अधिक** API का उत्पादन करता है, जो **वैश्विक API बाजार** में **8%** का योगदान देता है।
    - **चिकित्सा उपकरण: अनुमान है कि वर्ष 2030 तक यह बाज़ार 11 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर** हो जाएगा।
- **मूल्य निर्धारण दबाव: आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची (NLEM)** के अंतर्गत मूल्य नियंत्रण से फार्मा कंपनियों की लाभप्रदता प्रभावित होती है, जिससे उद्योग के नवाचार प्रोत्साहन में बाधा उत्पन्न होती है। **अत: कथन 3 सही है।**

50.

उत्तर: A

व्याख्या:

- **राष्ट्रीय लेखा प्रणाली (SNA) 2008:**
    - राष्ट्रीय लेखा प्रणाली (SNA) 2008 सरकार और निजी क्षेत्र के विश्लेषकों, नीति-निर्माताओं और निर्णय लेने वालों की जरूरतों को पूरा करने के लिये व्यापक, सुसंगत और लचीले **मैक्रोइकॉनोमिक खातों का एक सेट** है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - इसे अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, यूरोपीय संघ, आर्थिक सहयोग और विकास संगठन, संयुक्त राष्ट्र और विश्व बैंक **द्वारा संयुक्त रूप से** तैयार किया गया था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - ये **पाँच संगठन राष्ट्रीय लेखा पर अंतर-सचिवालय कार्य समूह (ISWGNA) का गठन करते हैं,** जिसे संयुक्त राष्ट्र के सांख्यिकी आयोग द्वारा राष्ट्रीय लेखा के विकास में अंतर्राष्ट्रीय समन्वय की देखरेख करने का दायित्व सौंपा गया है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**51.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड (DNA) एक अणु है, जो सभी ज्ञात जीवों के लिये आनुवंशिक निर्देशों को वहन करता है और कोशिकाओं के विकास एवं कार्यप्रणाली के लिये आवश्यक होता है।
- DNA दो आपस में जुड़े हुए तंतुओं से बना होता है, जो एक-दूसरे के चारों ओर इस प्रकार लिपटे होते हैं कि वे एक घुमावदार सीढ़ी (डबल हेलिक्स) की संरचना बनाते हैं।
- DNA प्रतिकृति (DNA), वह प्रक्रिया है जिसमें एक कोशिका अपने DNA की सटीक प्रतिकृति बनाती है, केवल यूकैरियोटिक कोशिकाओं के नाभिक में होती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **यूकैरियोटिक कोशिकाएँ, वे कोशिकाएँ होती हैं जो नाभिक एक परमाणुक झिल्ली (nuclear membrane) से घिरी होती** हैं। उदाहरण: प्रोटोज़ोआ, कवक, पादप एवं पशु।
- माइटोकॉन्ड्रिया, जिसे कोशिकाओं का ऊर्जा केंद्र (powerhouse) कहा जाता है, में अपना स्वयं का डीएनए (mtDNA) होता है, जो विशेष रूप से माँ से संतानों को हस्तांतरित होता है और इसमें पिता का कोई योगदान नहीं होता। **अत: कथन 2 सही है।**

**52.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**उत्तरी सागर:**

- **अवस्थिति:** यह ब्रिटिश द्वीपों एवं उत्तर-पश्चिमी यूरोप की मुख्य भूमि के बीच स्थित है जो अटलांटिक महासागर का उथला, उत्तरपूर्वी विस्तार है।
    - यह **डोवर जलडमरूमध्य और इंग्लिश चैनल द्वारा अटलांटिक महासागर** से तथा स्केगराक और कैटेगाट द्वारा **बाल्टिक सागर** से जुड़ा हुआ है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - उत्तरी सागर का सबसे गहरा बिंदु नॉर्वेजियन ट्रेंच (725 मीटर) है।
- **सीमाएँ: यूनाइटेड किंगडम, नॉर्वे, डेनमार्क, जर्मनी, नीदरलैंड, बेल्जियम और फ्राँस से घिरा हुआ। है। अत: कथन 2 सही है।**
- **आर्थिक महत्त्व:** यूरोप के लिये प्रमुख व्यापार मार्ग, जो यूके, स्कैंडिनेविया और मुख्य भूमि यूरोप के प्रमुख बंदरगाहों को जोड़ता है।
    - **वर्ष 1958 के जिनेवा अभिसमय** ने महाद्वीपीय शेल्फ पर देशों के अधिकारों को स्थापित किया, जिससे उत्तरी सागर में अन्वेषण संभव हो सका, जो व्यापक अपतटीय ड्रिलिंग के साथ तेल और गैस से समृद्ध है।




**53.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**किर्गिज़स्तान:**

- **किर्गिज़स्तान मध्य एशियाई देश** हैं जिसे **वर्ष** 1991 **में सोवियत संघ से स्वतंत्रता** मिली थी।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025
SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

नोट:

- **किर्गिज़स्तान** की सीमा **कज़ाकिस्तान, चीन, ताजिकिस्तान और उज़्बेकिस्तान** से लगती है और इसकी **राजधानी बिश्केक** है।
- **अत: विकल्प B सही है।**




54.

उत्तर: D

व्याख्या:

- **भाग II ( अनुच्छेद 5 से 11 )** भारतीय संविधान में नागरिकता संबंधी प्रावधानों को कवर करता है।
- **अनुच्छेद 9** भारत में एकल नागरिकता का प्रावधान करता है, जिसके तहत किसी भी व्यक्ति को, जो स्वेच्छा से किसी अन्य देश की नागरिकता प्राप्त करता है, भारतीय नागरिकता से वंचित कर दिया जाता है। संयुक्त राज्य अमेरिका (US) द्वैध नागरिकता मॉडल (संघीय और राज्य स्तर) का पालन करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- OCI (विदेशी नागरिकता धारक – प्रवासी भारतीय नागरिक) कार्डधारक भारतीय मूल के विदेशी नागरिक होते हैं, जिन्हें भारत सरकार द्वारा विशेष दर्ज़ा प्रदान किया जाता है। यह उन्हें भारत में अनिश्चितकाल तक रहने और कार्य करने की अनुमति देता है, जिसमें कुछ विशेष लाभ और प्रतिबंध होते हैं, लेकिन नागरिकों के पूर्ण अधिकार नहीं दिये जाते।
- OCI कार्डधारकों को मतदान करने, चुनाव लड़ने या संवैधानिक पद धारण करने जैसे राजनीतिक अधिकार प्राप्त नहीं होते। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

55.

उत्तर: C

व्याख्या:

**संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना ( MPLADS ):**

- MPLADS **वर्ष** 1993 में शुरू की गई एक केंद्रीय क्षेत्रक योजना है जो **संसद सदस्यों ( MP )** को स्थानीय स्तर की आवश्यकताओं के आधार पर संधारणीय सामुदायिक परिसंपत्तियों के निर्माण पर ज़ोर देते हुए अपने **निर्वाचन क्षेत्रों** में **विकास कार्यों की सिफारिश** करने में सक्षम बनाती है।
- राज्य स्तरीय नोडल विभाग MPLADS की देखरेख करता है, जबकि **ज़िला प्राधिकरण परियोजनाओं** को मंज़ूरी देते हैं, धन आवंटित करते हैं और कार्यान्वयन सुनिश्चित करते हैं।
- इस योजना के तहत वर्ष 2011-12 से प्रत्येक **सांसद को प्रति वर्ष 5 करोड़ रुपए आवंटित** किये जाते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- **सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ( MoSPI )** द्वारा ज़िला अधिकारियों को 2.5 करोड़ रुपए की दो किस्तों में निधि संवितरित की जाती है।
- यदि किसी वर्ष में निधियों का उपयोग नहीं किया जाता है तो वे व्यपगत नहीं होती हैं और उन्हें अग्रेनीत किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- सांसदों को **अपने कोष का न्यूनतम 15% और 7.5%** क्रमश: **अनुसूचित जातियों ( SC ) और अनुसूचित जनजातियों ( ST )** के लिये परिसंपत्तियाँ निर्मित किये जाने हेतु आवंटित किया जाना होता है। **अत: कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

56.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**मॉरीशस:**

- भारत के प्रधानमंत्री को **मॉरीशस का सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार,** ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार और की ऑफ द इंडियन ओशन प्रदान किया गया।
- भारत और मॉरीशस ने अपने संबंधों को **उन्नत रणनीतिक साझेदारी** में रूपांतरित किया, सुरक्षा, व्यापार और विकास का सुदृढ़ीकरण किया तथा **स्वतंत्र एवं सुरक्षित हिंद महासागर के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।**
- भारत ने मॉरीशस को उसकी जल पाइपलाइनों को बदलने में सहायता देने के लिये अपनी **पहली रुपया-आधारित ऋण सुविधा** की घोषणा की।
- **महात्मा गांधी** ने वर्ष 1901 में मॉरीशस का दौरा किया तथा भारतीय समुदाय के लिये शिक्षा और राजनीतिक सशक्तीकरण की मांग की।
    - गांधीजी को श्रद्धांजलि के रूप में, मॉरीशस 12 मार्च को अपना राष्ट्रीय दिवस मनाता है, जो **दांडी मार्च** के रूप में मनाया जाता है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

57.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**बायोमास**

- **बायोमास** नवीकरणीय कार्बनिक पदार्थ है, जो पौधों और पशुओं से प्राप्त होती है।
    - इसे सुविधा ताप (facility heating), विद्युत उत्पादन (electric power generation) और संयुक्त ताप एवं ऊर्जा (combined heat and power) के लिये उपयोग किया जाता है।
- **बायोमास को कई तरीकों** से विद्युत शक्ति में परिवर्तित किया जा सकता है :
- **बायोमास सामग्री का दहन:**
    - सबसे सामान्य विधि बायोमास सामग्री, जैसे कि कृषि अपशिष्ट या काष्ठ संबंधी सामग्री का प्रत्यक्ष दहन है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **गैसीकरण:**
    - गैसीकरण में पूर्ण दहन के लिये आवश्यक ऑक्सीजन से न्यून ऑक्सीजन के साथ बायोमास को गर्म करके, उपयोगी ऊर्जा सामग्री वाली संश्लेषण गैस का उत्पादन किया जाता है।
- **पायरोलिसिस:**
    - पायरोलिसिस ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में बायोमास को तेजी से गर्म करके बायो ऑइल उत्पन्न करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **एनारोबिक डाइजेशन:**
    - जब ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में जीवाणुओं द्वारा कार्बनिक पदार्थों का अपघटन किया जाता है तो अवायवीय पाचन से नवीकरणीय प्राकृतिक गैस उत्पन्न होती है।
        - पशु और मानव अपशिष्ट जैसे अपशिष्टों को एनारोबिक डाइजेस्टर में मध्यम-ऊर्जा सामग्री वाली गैस में परिवर्तित किया जाता है।

58.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

स्विस कंपनी IQAir द्वारा जारी **विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट** 2024 के अनुसार **भारत** विश्व में **5वाँ सर्वाधिक प्रदूषित देश है।**

**विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के मुख्य निष्कर्ष:**

- **भारत:** भारत **वर्ष 2024 में 5वाँ सर्वाधिक प्रदूषित** देश है, जो **वर्ष 2023** के तीसरे स्थान से नगण्य सुधार को दर्शाता है।
    - **प्रदूषित शहर:** दिल्ली विश्व स्तर पर **सर्वाधिक प्रदूषित राजधानी** बनी हुई है, जहाँ पार्टिकुलेट मैटर (PM) 2.5 की सांद्रता 91.6 $\mu g/m^3$ (माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर) है।
        - विश्व के 10 सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में से 6 और शीर्ष 20 में से 13 शहर भारत में हैं, जिसमें **बर्नीहाट**

**दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें**

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

**(असम-मेघालय सीमा) 128.2 μg/m³ की PM2.5 सांद्रता के साथ** सूची में सर्वाधिक प्रदूषित शहर है।

- अन्य प्रदूषित शहरों में **मुल्लांपुर** (पंजाब), गुरुग्राम, **फरीदाबाद**, भिवाड़ी और **नोएडा** शामिल हैं।
  - **PM 2.5 में कमी:** भारत में वर्ष 2024 में PM2.5 के स्तर में **7% की कमी** देखी गई, जो औसतन **50.6 μg/m³** थी, जो वर्ष 2023 में **54.4 μg/m³** से कम है।
- हालाँकि, यह अभी भी **विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)** द्वारा **अनुशंसित 5 μg/m³ की सुरक्षित सीमा** से **10 गुना अधिक** है। **35% भारतीय शहरों** में PM2.5 का स्तर इस सीमा से अधिक पाया गया।
  - **प्रदूषण के स्रोत:** प्रमुख योगदानकर्त्ताओं में **वाहन उत्सर्जन, औद्योगिक प्रदूषण** और **बायोमास दहन** शामिल हैं।
- **उत्तर भारत में प्रदूषण का स्तर अत्यधिक था, जहाँ PM2.5 के स्तर में 60 प्रतिशत** योगदान पराली जलाने का था।
- **वैश्विक:** वार्षिक औसत PM2.5 स्तर के अनुसार सबसे प्रदूषित देश चाड (91.8 μg/m³), बांग्लादेश (78 μg/m³), पाकिस्तान (73.7 μg/m³) और कांगो (58.2 μg/m³) हैं।
  - रिपोर्ट में बताया गया है कि **विश्व की अधिकांश आबादी** प्रदूषित वायु में साँस ले रही है, **केवल 12 देशों, क्षेत्रों या प्रदेशों** में PM 2.5 सांद्रता **विश्व स्वास्थ्य संगठन की अनुशंसित सीमा** से कम है।
- **अत: विकल्प C सही है।**

**59.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री (APAAR) आईडी** का उद्देश्य **छात्र रिकॉर्ड को मानकीकृत करना** है। हालाँकि, **कार्यान्वयन, डेटा गोपनीयता** पर चिंताओं ने कार्यकर्त्ताओं के बीच बहस छेड़ दी है।
- **APAAR आईडी: राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020** के तहत शुरू की गई और **राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क के साथ संरेखित, इसका उद्देश्य** शैक्षणिक रिकॉर्ड को सुव्यवस्थित करने और शैक्षिक स्तरों के बीच संक्रमण को सुविधाजनक बनाने के लिये **"वन नेशन वन स्टूडेंट आईडी कार्ड" प्रणाली** स्थापित करना है।
- APAAR एक **12-अंकीय आईडी** प्रदान करता है, जो भंडारण और सत्यापन के लिये अकादमिक रिकॉर्ड को **डिजिलॉकर** और **अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट** से जोड़ता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **स्कूल** डेटा रिकॉर्ड करते हैं, जबकि **उच्च शिक्षा संस्थान और कौशल संस्थान** प्रवेश और भर्ती के लिये सत्यापित शैक्षणिक रिकॉर्ड तक पहुँच बनाते हैं।
- **APAAR आईडी के बारे में चिंताएँ:** APAAR के आधार लिंकेज में वर्तनी की गड़बड़ी के कारण समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं, जिसके कारण इसे अपडेट करना आवश्यक हो गया है।
  - जबकि शिक्षा मंत्रालय का दावा है कि APAAR स्वैच्छिक है, **केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा APAAR के 100% नामांकन के लिये दिया गया दबाव** अंतर्निहित अनिवार्यताओं की चिंता को जन्म देता है , जो ***न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) के.एस. पुट्टस्वामी बनाम भारत संघ (2019)*** में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का खंडन करता है, जिसमें कहा गया था कि बुनियादी शिक्षा तक पहुँच के लिये आधार की आवश्यकता नहीं हो सकती है।
  - इस प्रकार, APAAR ID पर चिंताओं में **नाबालिगों के लिये डेटा गोपनीयता जोखिम, आधार पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का संभावित उल्लंघन** शामिल है। **अत: कथन 2 सही है।**
    - **डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023** (जो अभी तक लागू नहीं हुआ है) में यह अनिवार्य किया गया है कि

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

सहमति **स्वतंत्र, सूचित और स्पष्ट** होनी चाहिये, जिसके बारे में कार्यकर्त्ताओं का तर्क है कि इसे नज़रअंदाज किया जा रहा है।

60.

उत्तर: C

व्याख्या:

**माइसेलियम ईंटें**

- **जलवायु परिवर्तन** को देखते हुए, निर्माण उद्योग **कम कार्बन वाले विकल्पों** की तलाश कर रहा है, और **माइसेलियम ईंटें** एक आशाजनक नवाचार के रूप में उभरी हैं।
  - **माइसेलियम ईंटें: कवक बीजाणुओं,** भूसी और चूरा से निर्मित, माइसेलियम ईंटें पारंपरिक पकी हुई मिट्टी की ईंटों की तुलना में कम पर्यावरणीय प्रभाव वाली **एक हल्की, रेशेदार संरचना** बनाती हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
  - **पारंपरिक पक्की मिट्टी की ईंटों के विपरीत, जो प्रतिवर्ष लगभग 300 मिलियन टन $CO_2$ उत्सर्जित करती हैं, माइसेलियम ईंटों में कार्बन फुटप्रिंट कम होता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - वे **बायोडिग्रेडेबल, अग्निरोधी, हल्के और अच्छे ताप अवरोधक** हैं, जो उन्हें आंतरिक पैनलिंग, फिल्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स के लिये उपयुक्त बनाते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**
  - संभावित अनुप्रयोगों में आंतरिक पैनलिंग, लिक्विड फिल्टर, खेल उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक घटक शामिल हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉडयूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट: